दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास...
लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, में एक साथ प्रसारित।
सम्पादक : राजेश शर्मा
बलरामपुर
सोमवार, 09 फरवरी 2026
वर्षः 05 अंक : 128 पृष्ठः 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया
धुरंधर 2 ने रिलीज से पहले ही बनाया ...8
9415163471, 9453824459 Dainik Budh ka sandesh @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

### मलेशिया से से पीएम मोदी का पाकिस्तान को संदेश

# आतंकवाद पर भारत का संदेश साफ है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं

अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान मलेशिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच से आतंकवाद के खिलाफ एक बार फिर शंखनाद किया है। रविवार (8 फरवरी, 2026) को मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य में पीएम मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए सख्त रुख अपनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा सहयोग पर चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि भारत आतंकवाद के मुद्दे पर किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के मूड में नहीं है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा, ''आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट हैय कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।'' मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर इब्राहिम ने उनका स्वागत किया जो द्विपक्षीय संबंधों में एक नयी गति का संकेत है। वार्ता से पहले मोदी का आज सुबह पर्दाना पुत्र में औपचारिक स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने कहा, ''भारत और मलेशिया के बीच एक विशेष संबंध है। हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे और स्नेहपूर्ण संबंध रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''आज, भारतीय मूल के लोगों की आबादी के मामले में मलेशिया दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। हमारी सभ्यताएं, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्य हमें एक सूत्र में बांधते हैं।''



मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष आतंकवाद विरोधी उपायों, खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को मजबूत करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हम रक्षा सहयोग को और अधिक व्यापक बनाएंगे। उन्होंने कहा, ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के साथ–साथ हम सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे।'' प्रधानमंत्री ने हिंद–प्रशांत क्षेत्र के प्रति भारत के दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''हिंद–प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास के इंजन के रूप में उभर रहा है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संघ) के साथ मिलकर पूरे हिंद–प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है। मलेशिया के प्रधानमंत्री इब्राहिम ने कहा कि भारत और मलेशिया व्यापार, निवेश, संपर्क और रक्षा के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार करना जारी रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार और आर्थिक मोर्चे पर भारत ने शानदार वृद्धि दर्ज की है।

## यूपी विधानसभा में 9 फरवरी से गूंजेंगे जनता के मुद्दे, 20 तक प्रस्तावित है कार्यवाही

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान मंडल का बजट सत्र 2026–27 9 फरवरी से प्रारंभ होगा। सत्र के प्रथम दिन सोमवार को विधानमंडल के दोनों सदनों (विधानसभा व विधान परिषद) के समक्ष माननीय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण होगा। 10 फरवरी को सदन के वर्तमान व पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की जाएगी। सदन की कार्यवाही 20 फरवरी तक प्रस्तावित है। 11 फरवरी (बुधवार) को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात राज्यपाल के अभिभाषण (धन्यवाद प्रस्ताव) पर चर्चा होगी। 13 फरवरी तक सदन नियमित तौर पर चलेगा। 14 व 15 फरवरी को क्रमशः शनिवार व रविवार होने के कारण सदन की बैठक स्थगित रहेगी। 16 फरवरी से पुनः सदन की कार्यवाही प्रारंभ होगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी सदस्यों से सदन के सफल संचालन का अनुरोध किया है। वहीं नेता सदन (मुख्यमंत्री) योगी आदित्यनाथ ने सभी सदस्यों से जनता के मुद्दों को सदन में रखने और स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने के लिए सरकार का सहयोग करने का आग्रह किया है।

## अखिलेश यादव का एसआईआर में दुरुपयोग का आरोप

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाया है। अखिलेश यादव ने रविवार को समाजवादी पार्टी के दफ्तर में मीडिया के सामने दावा किया कि सरकार से नियुक्त पेशेवर एजेंसियां उन चुनिंदा बूथों को निशाना बना रही हैं, जहां उनकी पार्टी ने चुनाव जीता है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को पत्रकार वार्ता में सुलतानपुर के नंदलाल को मीडिया के सामने पेश किया। सुलतानपुर में निरक्षर नंदलाल के नाम से ही 26 मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए फर्जी हस्ताक्षर कर फार्म–7 भरने का आरोप है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग वोट कटवाने को मिलकर साजिश कर रहे हैं। द्वापर और त्रेता के नाम वाले लोगों, दशरथ और नंदलाल से हमें बहुत मदद मिल गई। नंदलाल अंगूठा लगाते हैं, भाजपा ने इनके फर्जी दस्तखत कर फार्म भरवाए।

## एपस्टीन लिस्ट में दलाई लामा का नाम 169 बार, कार्यालय ने आरोपों को सिरे से किया खारिज

विवादित अमेरिकी फाइनेंसर और यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी फाइलों में बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा का नाम आने के बाद पूरी दुनिया में चर्चा शुरू हो गई है। रविवार को दलाई लामा के ऑफिस ने एक आधिकारिक बयान जारी कर इन मीडिया रिपोर्ट्स का कड़ा खंडन किया। ऑफिस ने साफ तौर पर कहा कि दलाई लामा का एपस्टीन से किसी भी तरह का कोई संबंध नहीं रहा है। क्या है पूरा विवाद?: हाल ही में अमेरिकी न्याय विभाग ने एपस्टीन केस से जुड़े लाखों दस्तावेज और वीडियो जारी किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इन फाइलों में दलाई लामा का नाम कथित तौर पर 169 बार आया है। कुछ फाइलों में श्मसाज फॉर डमीजश नामक किताब और पुराने ईमेल के स्क्रीनशॉट मिले हैं, जिनमें दलाई लामा का जिक्र था। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि 2012 के आसपास उनके और एपस्टीन के बीच किसी मुलाकात की योजना बनाई गई थी।




दलाई लामा के ऑफिस ने क्या कहा?: इन दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए दलाई लामा के ऑफिस ने बयान दिया। बयान के अनुसार, हम स्पष्ट करते हैं कि महामहिम दलाई लामा कभी भी जेफरी एपस्टीन से नहीं मिले हैं। न ही उन्होंने अपनी ओर से किसी व्यक्ति को उनसे मिलने या बात करने की अनुमति दी है। सोशल मीडिया और मीडिया में चल रही ये खबरें निराधार हैं। पुराने दावेः यह मुद्दा पहली बार चर्चा में नहीं आया है। पिछले साल पत्रकार माइकल वोल्फ ने एक पॉडकास्ट में दावा किया था कि एपस्टीन के न्यूयॉर्क स्थित घर पर होने वाली सभाओं में कई दिग्गज शामिल होते थे, जिनमें उन्होंने दलाई लामा का भी नाम लिया था।

## एम. के. स्टालिन का पीएम मोदी को पत्र

### कहा- तमिलनाडु के रेल परियोजनाओं के लिए फंड तुरंत जारी हो

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर रेल मंत्रालय को राज्य में स्वीकृत रेलवे परियोजनाओं के लिए आवश्यक धनराशि शीघ्र जारी करने और लंबित परियोजनाओं को पुनः शुरू करने का निर्देश देने का आग्रह किया है। स्टालिन ने पत्र में कहा, ''रेल मंत्रालय से धनराशि जारी करने में हो रही देरी'' और विभिन्न परियोजनाओं के लिए टुकड़ों में निधि आवंटित किए जाने की व्यवस्था के कारण कई महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं की प्रगति प्रभावित हो रही है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न रेलवे परियोजनाओं के लिए 2,500.61 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण करने की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है, लेकिन रेलवे विभाग ने अब तक 931.52 हेक्टेयर भूमि के लिए धनराशि आवंटित नहीं की है। स्टालिन ने कहा, ''निधि जारी करने में देरी और टुकड़ों में आवंटन ने तमिलनाडु में रेलवे परियोजनाओं की प्रगति में बाधा डाली है। इससे प्रभावित भूमि मालिकों के लिए लंबे समय तक अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है।'' उन्होंने बताया कि 19 प्रमुख परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य 94 प्रतिशत पूरा हो चुका है और 1,198.02 हेक्टेयर भूमि रेलवे को सौंप दी गई है।



## छतों से उड़ान भरेंगी एयर टैक्सी, शहरी जाम से राहत की नई उम्मीद

नई दिल्ली। देश के बड़े शहरों में बढ़ती ट्रैफिक समस्या और लंबी यात्रा अवधि से निपटने के लिए एयर टैक्सी सेवा एक प्रभावी समाधान बन सकती है। उद्योग संगठन सीआइआइ की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इमारतों की छतों का उपयोग एयर टैक्सी के टेक–ऑफ और लैंडिंग के लिए किया जाए तो शहरी परिवहन में मौजूद बुनियादी ढांचे की बाधाएं कम होंगी और लोगों का ट्रांजिट समय काफी घट सकेगा। रिपोर्ट में दिल्ली–एनसीआर के गुरुग्राम, कनाट प्लेस और जेवर एयरपोर्ट के बीच 65–75 किलोमीटर के संभावित हवाई कॉरिडोर का मॉडल भी प्रस्तुत किया गया है।

## हमें सैन्य तैनाती से डर नहीं लगता, अमेरिका से बातचीत के बीच ईरान ने ट्रंप को दी चेतावनी

नई दिल्ली। अमेरिकी और ईरान के बीच ओमान में हुई कूटनीतिक चर्चा के बीच एक बार फिर तनाव देखने को मिल रहा है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची अरब सागर में अमेरिकी सेना की तैनाती को लेकर कहा कि हमें डर नहीं लगता है। दरअसल, एक ओर जहां राष्ट्रपति ट्रंप श्शक्ति के माध्यम से शांतिश की नीति पर जोर दे रहे हैं, वहीं, दूसरी ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची तेहरान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि ईरान को वाशिंगटन पर बहुत कम भरोसा है और उसे संदेह है कि अमेरिकी पक्ष नए सिरे से शुरू हुई बातचीत को गंभीरता से ले रहा है। वहीं, ईरानी विदेश मंत्री अराघची परमाणु वार्ता में यूरेनियम संवर्धन रोकने की संभावना को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ईरान अपने फैसलों के लिए किसी के निर्देश का मोहताज नहीं है। यूरेनियम इनरिचमेंट करना ईरान का अधिकार है। इसे जारी रहना चाहिए।

# गौरव गोगोई पर पाकिस्तानी एजेंटों से लिंक रखने और गुप्त ट्रेनिंग लेने का शक!

### मुख्यमंत्री हिमंत सरमा के आरोपों से मचा हड़कंप

असम की राजनीति में उस समय हड़कंप मच गया जब मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में कांग्रेस के उप–नेता गौरव गोगोई पर पाकिस्तान के साथ कथित संबंधों के गंभीर आरोप लगाए। गुवाहाटी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि राज्य कैबिनेट ने इस मामले की जांच गृह मंत्रालय (डभ्।) को सौंपने की सिफारिश की है। हालाँकि, मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी सरकार फिलहाल गोगोई को गिरफ्तार करने जैसा श्कठोर कदमश नहीं उठाएगी। उन्होंने कहा, श्अगर मैं अभी गौरव गोगोई को गिरफ्तार करता हूँ तो मुझ पर राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीति करने का आरोप लगेगा।ष् राज्य में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यहां संवाददाता सम्मेलन में शर्मा ने कांग्रेस नेता की पत्नी एलिजाबेथ पर देश की एक कंपनी में काम करते हुए भारत के बारे में जानकारी एकत्र करने और उसे पाकिस्तान भेजने का भी आरोप लगाया।



पाकिस्तानी एजेंट और गोगोई परिवाररू क्या है पूरा मामला?: मुख्यमंत्री सरमा ने दावा किया कि गौरव गोगोई और उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ के पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के साथ श्गहरेश संबंध हैं। सरमा द्वारा लगाए गए मुख्य आरोप निम्नलिखित हैं संदिग्ध यात्राएंः अली तौकीर शेख ने 2010 से 2013 के बीच (न्च। शासनकाल में) 13 बार भारत का दौरा किया। सरमा के अनुसार, मोदी सरकार आने के बाद ये दौरे बंद हो गए। एलिजाबेथ का रोलः सरमा का आरोप है कि एलिजाबेथ एक पाकिस्तानी फर्म के लिए काम करती थीं, जिसने उन्हें भारत ट्रांसफर किया। उन्होंने यह भी दावा किया कि एलिजाबेथ ने भारत के खुफिया ब्यूरो के स्रोतों से श्क्लाइमेट एक्शनश से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाईं और उन्हें शेख के साथ साझा किया।

पाकिस्तन की गुप्त यात्राएंः आरोप है कि एलिजाबेथ ने कई बार इस्लामाबाद की यात्रा की और पकड़े जाने से बचने के लिए पंजाब के अटारी बॉर्डर का इस्तेमाल किया ताकि उनकी गतिविधियों पर किसी का ध्यान न जाए। असम के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि वह दो भारतीय संगठनों में काम करते हुए नौ बार पाकिस्तान भी जा चुकी हैं। असम सरकार ने पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोगोई और उनकी पत्नी के साथ मिलकर कथित तौर पर भारत विरोधी साजिश रचने की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) भी गठित किया था। एसआईटी ने 10 सितंबर को अपनी रिपोर्ट शर्मा को सौंपी, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है।

## वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं को अब मिलेगा 10 लाख का बीमा फ्री, श्राइन बोर्ड की बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर


जम्मू। श्रीमाता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटड़ा में माता वैष्णो देवी को समर्पित वैश्विक आध्यात्मिक संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर के माता वैष्णो देवी जी को समर्पित शक्ति संग्रहालय के निर्माण की प्रारंभिक अवधारणा को श्राइन बोर्ड ने एशियन हेरिटेज फाउंडेशन के परामर्श से मंजूरी दी है। यह प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय कटड़ा के नटाली क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा, जो अपने आप में पहला होगा और एक धार्मिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही अत्याधुनिक लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से पौराणिक कथाओं को परंपरा और नवाचार के संगम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। परियोजना को आगामी महीनों में शुरू कर दो वर्षों के भीतर पूर्ण किया जाएगा।



# भागे नहीं, संघर्ष करें....

### बांग्लादेशी हिन्दुओं को मोहन भागवत की सलाह

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा पर कड़ा और साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वहां के हिंदुओं को अकेले पड़ने की जरूरत नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया का हिंदू समाज उनके समर्थन में खड़ा है। बांग्लादेशी हिंदुओं को सलाहः मुंबई के नेहरू सेंटर में संघ के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक लेक्चर में भागवत जी ने कहा, श्बांग्लादेश में करीब सवा करोड़ (1.25 करोड़) हिंदू हैं। अगर वे वहीं रहकर अपने अधिकारों के लिए लड़ने का फैसला करते हैं तो दुनिया भर के सभी हिंदू उनकी मदद के लिए आगे आएंगे।श बांग्लादेश में क्यों बिगड़े हालात?: पिछले कुछ समय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। यह सब अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद शुरू हुआ। इस तख्तापलट के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। इस उथल–पुथल के बीच हिंसक भीड़ ने हिंदू व्यापारियों, मजदूरों और छात्रों को निशाना बनाया। कई लोगों की जान गई और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। इसके बाद, छात्र नेताओं की मौत और राजनीतिक अस्थिरता के बाद ये हमले संगठित रूप से हिंदुओं के खिलाफ मुड़ गए। एकता पर जोरः भागवत जी ने जोर देकर कहा कि ऐसी मुश्किल घड़ी में एकता ही सबसे बड़ा समाधान है।




## मुजफ्फरनगर दंगाः हत्या व आगजनी के मामले में साक्ष्य के आभाव में 22 आरोपी बरी

मुजफ्फरनगर। जिले की एक अदालत ने 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों से जुड़े हत्या, लूट और आगजनी के एक मामले में साक्ष्यों के अभाव में 22 आरोपियों को बरी कर दिया। शासकीय अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। शासकीय अधिवक्ता नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कनिष्क कुमार ने शनिवार को यह कहते हुए आरोपियों को बरी किया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। उन्होंने बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) ने आठ सितंबर 2013 को भौराकला थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर रायसिंह गांव में हुई घटनाओं के संबंध में 26 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान चार आरोपियों की मृत्यु हो गई, जिसके बाद शेष 22 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन कार्रवाई जारी थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, हनीफ ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि सैकड़ों दंगाइयों ने गांव में घरों पर हमला किया, संपत्ति लूटी और बाद में घरों में आग लगा दी। शिकायत में आरोप था कि हमले के दौरान शिकायतकर्ता के पिता रहीसुद्दीन की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। दंगाइयों पर एक मस्जिद को नुकसान पहुंचाने और एक पुलिस कांस्टेबल की मोटरसाइकिल में आग लगाने का भी आरोप था। बरी किए गए आरोपियों में अनिल, सुभाष, संजीव, करण, शेर सिंह, ऋषिपाल, हंसपाल, प्रमोद, विक्की, बादल, मदन, जय नारायण, बृजवीर, विनोद, काला, प्रवीण, जगपाल, प्रेमपाल, पप्पू, नीतू, भूरा और हरेंद्र सिंह शामिल हैं। ये सभी मोहम्मदपुर रायसिंह गांव के निवासी हैं।



# बरसाती यादव इन्टरमीडिएट कालेज में 10वीं एवं 12वीं के बच्चों का हुआ विदाई समारोह

## मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित तहसीलदार शोहरतगढ़ प्रकाश सिंह यादव ने छात्र–छात्राओं को उपहार स्वरूप डायरी व पेन देकर किया सम्मानित।

दैनिक बुद्ध का संदेश

बढ़नी / सिद्धार्थनगर ।विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र में चर्चित विद्यालय बरसाती यादव इन्टरमीडिएट कालेज पथरदेइया में रविवार को हाईस्कूल और इन्टरमीडिएट की छात्र–छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित तहसीलदार शोहरतगढ़ प्रकाश सिंह यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। साथ ही छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए शिखा, कल्पना, अनुष्का आदि छात्र–छात्राओं को अपनी हाथों से डायरी पेन देकर सम्मानित किया। जूनियर छात्राओं ने सीनियर्स को उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्तिक गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया। शिक्षकों ने विदा हो रहे छात्र–छात्राओं को तनावमुक्त होकर परीक्षा देने की सलाह दी। विद्यालय संचालक राम सूरत यादव ने छात्राओं से पूर्ण एकाग्रता से परीक्षा देने का आह्वान करते हुए कहा कि स्कूल से उत्तीर्ण छात्र ही समाज में अपने स्कूल का दर्पण होते हैं और छात्रों की सफलता ही शिक्षकों के लिए गुरु दक्षिणा है



। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जुग्गी राम राही ने किया। उक्त कार्यक्रम में प्रबन्धक राम मूरत यादव, संचालक राम सूरत यादव, लेखपाल आशीष संगम, प्रधानाचार्य रेनू यादव, उपप्रधानाचार्य हरिश्चन्द्र यादव, माधव प्रसाद पाण्डेय, अध्यापिका कल्पना पाण्डेय, सोनाली सिंह, खुश्बू चौरसिया, नेहा वर्मा, दीक्षा श्रीवास्तव, गीता कसौंधन, याशमीन, गुलफिश, विशाल पाण्डेय, किशन कुमार, भास्कर चन्द्र शुक्ला, विनोद कुमार मौर्य, संजय साहू, सुभाष कश्यप, रिंकू पाण्डेय, बलराम यादव, सुरेश यादव, बृजेश जयसवाल, कन्हैया लाल, डा0 मनोज कुमार, बब्बन, अरुण कुमार विश्वकर्मा, राजेश कुमार मौजूद रहें।

# सांसद जगदम्बिका पाल ने किया गरीबों में कम्बल वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा / सिद्धार्थनगर ।तहसील इटवा क्षेत्र में ग्राम सकतपुर में रुद्र महायज्ञ चल रहा यज्ञाचार्य लक्ष्मण महराज, साधू सन्तों के बीच सांसद ने यज्ञ मण्डप में पहुंचकर पूजा अर्चना किये। कार्यक्रम के संचालक सुधीर त्रिपाठी ने किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम को लेकर सांसद जगदम्बिका पाल के द्वारा गरीबों के मसीहा जाने जाते उन्हीं गरीब लोगों को कम्बल दिया गया। सांसद ने कहा कि पूरा ठंडक में पांचों विधान सभा में कम्बल वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। यज्ञ रुद्र महायज्ञ में भी कम्बल वितरण किया। सकतपुर मेन रोड से काली मंदिर तक आरसीसी सड़क बनाने के लिए दिया गया। दोपेडोवा चौराहा से खानकोट सेमरी तक सड़क चौड़ीकरण करने के लिए धन आवन्टन करा दिया कार्य शुरू है। कई सड़कों का कार्य चल रहा खलीलाबाद से होकर बासी, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर, बहराइच तक ट्रेन चलाने के लिए कार्य शुरू करा दिया गया। यही कहा जाता हैं विकसित भारत स्वच्छ भारत के अच्छे दिन के लिए भारत सरकार संकल्प है। इटवा विधान सभा में सकतपुर क्षेत्र के अगल बगल के लोगों को सराहा, कहा कि हम इस क्षेत्र के लिए पूरा कार्य करने के लिए तटबाध्य है। युवा नेता मोना पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। यज्ञ कार्यक्रम कराने का बहुत बड़ी आराध्य से हो रहा है। भगवान् सकतेश्वर नाथ क्षेत्र की उज्ज्वल कामना करते हैं ।इस मौके पर सांसद जगदम्बिका पाल, राम जियावन मौर्या जिला प्रभारी महाराजगंज, जयवर्धन तिवारी, यज्ञ आयोजक राम .पाल चौधरी, अखण्ड पाल सिंह, सागर चौधरी, सुधीर त्रिपाठी, संजय सिंह, विजय कुमार चौधरी, सुनील पाण्डेय, जितेन्द्र चौधरी, रामबरन यादव, रामनिवास उपाध्याय, मोना पाण्डेय, मन्तोष पाठक, राजू कसौधन, शिवपाल सिंह, कुलदीप मिश्रा, रघुनाथ मिश्रा, अमरजीत यादव, बरसाती यादव, सत्येन्द्र सिंह, मनोज कुमार यादव, आजाद सिंह, हरी यादव, शिव कुमार वर्मा, कारिया यादव पूर्व प्रधान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।




## एनसीसी ए सार्टिफिकेट परीक्षा सकुशल संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। 47 यूपी बटालियन एनसीसी बस्ती के ईकाई रतनसेन इंटर कॉलेज बांसी सिद्धार्थनगर में एनसीसी ए सार्टिफिकेट परीक्षा सकुशल संपन्न ।रविवार को रतनसेन इंटर कॉलेज बांसी में 47 यूपी बटालियन एनसीसी के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल विशाल सिंह के नेतृत्व में ए सार्टिफिकेट परीक्षा सकुशल संपन्न हुई जिसमें कुल 44 कैडेटों ने प्रतिभाग किया जिसमें 17 ब्याज कैडेट और 27 गर्ल्स कैडेट थे। परीक्षा में बोर्ड आफ मेम्बर लें0 डां0 राजेश कुमार यादव, जे सी ओ प्रेम सिंह, हवलदार जसराज थे। इस अवसर एनसीसी अधिकारी कैप्टन संदीप कुमार सिंह, कुलदीप चौधरी सूबेदार मेजर पूरन चंद्र पांडेय, जे सी ओ राजकुमार, हवलदार सुमित सुब्बा,मनोज थापा, उदय सिंह हिम बहादुर, विक्रम, ट्रेनिंग क्लर्क अजीत कुमार, एवं अविनाश प्रजापति ने परीक्षा को सम्पन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।





## सिद्धार्थनगर में भव्य दंगल कुश्ती का आयोजन,भाजपा अध्यक्ष ने किया पहलवानों का उत्साह वर्धन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। फिल्म बनारसी पहलवान के निर्माता संजय यादव के पिता उमाशंकर यादव के आयोजन में जिला सिद्धार्थ नगर के पटनी जंगल में एक भव्य दंगल कुश्ती का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वायरल पहलवान बाबा लड़ी के आने से दर्शकों में काफी उत्साह था ।इस आयोजन में जिला के भाजपा अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने आकर पहलवानों की उत्साह वर्धन की। अयोध्या के लाड़ी बाबा ने हरियाणा के जग्गा को हराकर दर्शकों का दिल जीत लिया ।अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों ने लिया भाग,इस आयोजन में कई नामी पहलवानों ने भाग लिया, जिनमें अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शामिल थे। कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ गोरखपुर के फेमस रेसलर रेफरी कुश्ती कोच धर्मेंद्र अर्पण ने किया।



# राजन इंटरनेशनल एकेडमी में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए भव्य फेयरवेल समारोह का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। राजन इंटरनेशनल एकेडमी में रविवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भावनाओं, उत्साह और उल्लास से भरपूर रहा, जिसमें विद्यालय परिवार के साथ–साथ छात्रों ने भी बढ़–चढ़कर सहभागिता की ।फेयरवेल समारोह की जिम्मेदारी कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने संभाली, जिन्होंने अपने सीनियर छात्रों के लिए आकर्षक और रंगारंग सांस्तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में म्यूजिकल चेयर, पंजी गेम, ज़िग–जैक रनिंग जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। खेलों और गतिविधियों के दौरान हंसी–मजाक और तालियों से पूरा परिसर गूंज उठा ।इसके साथ ही कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने गीत–संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर अपने सीनियर साथियों के प्रति स्नेह, सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव को व्यक्त किया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने भी अपने स्कूल जीवन की यादों को साझा करते हुए शिक्षकों और सहपाठियों के प्रति आभार प्रकट किया, जिससे माहौल भावुक हो गया ।समारोह में विद्यालय की प्रबंध निदेशक श्रीमती शिखा चतुर्वेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में बिताया गया समय उनके जीवन की मजबूत नींव है। उन्होंने सभी छात्रों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य को हासिल करने की प्रेरणा दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं एवं बच्चों के साथ मिल कर केक भी काटे ।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए स्वादिष्ट लंच और नाश्ते की समुचित व्यवस्था की गई। सुव्यवस्थित आयोजन, अनुशासन और आपसी सौहार्द ने इस फेयरवेल समारोह को यादगार बना दिया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने भी इस आत्मीय विदाई के लिए विद्यालय और अपने जूनियर्स का धन्यवाद किया।




## चिल्हियां थाने पर महाशिवरात्रि, रमजान, होली को लेकर हुआ समन्वय बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

चिल्हियां / सिद्धार्थनगर ।महा शिवरात्रि, रमजान, होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्भ्रान्ति लोगों व धर्मगुरुओं के साथ एक समन्वय बैठक किया गया। सभी लोगों से पर्व को सकुशल संपन्न कराने की अपील की गई। थाना चिल्हियां में रविवार को प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। धर्मगुरुओं सम्भ्रान्ति लोगों से अपील करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के लोग ही हमारे परिवार व अंग है। आप के सहयोग से ही हर कार्यक्रम को शान्ति पूर्ण माहौल में मनाया जा सकता है। शान्ति व्यवस्था में कोई व्यवधान हो तो पुलिस को सूचित करें, पुलिस तत्पर रहेगी। क्षेत्र में जहां भी शिव रात्रि के दिन मेला आयोजन हो रहा है। चिन्हित किया गया। नये स्थान के बारें में जानकारी लिया गया। रमजान, होली पर्व पर शान्ति पूर्व आपसी सामंजस्य बनाकर बनायें, जिससे आपसी सौहार्द बना रहें। इसके अतिरिक्त कोई अराजकतत्व अवरोध करता है। उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। मेले या किसी धार्मिक स्थल पर कोई विवाद करता है, तो उसे छोड़ा नहीं जायेगा प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी। राजेन्द्र पाल, लैस मोहम्मद, राम सुमिरन गोस्वामी, जमुना, बरकत अली, ईमाम चिल्हिया, अनिल सिंह, नौनिहाल सिंह सहित क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।



# बसपा कार्यकर्ताओं ने सत्ता वापसी का लिया संकल्प–अवनीश कुमार

## मेहदावल विधानसभा में कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मेलन आयोजित मोहम्मद ताबिश खान

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीर नगर। मेहदावल विधानसभा के नगर पंचायत मेहदावल कस्बे में स्थित तिलकधारी डिग्री कॉलेज में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। इस दौरान मायावती का जन्मदिन मनाने की चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने 2027 में पार्टी को सत्ता में लाने का संकल्प लिया। पूर्व प्रत्याशी पर ऐप पर पढ़ें बसपा सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। मुख्य अतिथि के रूप में अवनीश कुमार मंडल जोन प्रभारी बस्ती में कहा कि बसपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का जन्मदिन मनाए जाने पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने वर्ष 2027 में पार्टी को सत्ता में वापस लाने का संकल्प लिया। खलीलाबाद के पूर्व विधायक भगवान दास ने कहा कि बसपा के शासनकाल में सभी वर्गों का समान रूप से विकास हुआ। बसपा सरकार ने दलित, पिछड़े और कमजोर वर्गों के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए। कांशीराम शहरी आवास योजना के तहत एक लाख 22 हजार से अधिक मकानों का निर्मा और आंबेडकर ग्राम विकास योजना के माध्यम से राहत सुविधाएं दी गईं।




कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे भगवान दासपूर्व विधायक खलीलाबाद, विशिष्ट अतिथिके रूप में मेहदावल के पूर्व विधायक ताबिश खान,अभिषेक कुमार जिला सचिव, राधेश्याम भारती जिला कार्यकारी सदस्य, अब्दुल जब्बार मुस्लिम भाईचारा मंडल प्रभारी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जितेंद्र कुमार विधानसभा प्रभारी भागवत कनौजिया पन्नालाल वर्मा संतोष कुमार दीपक कुमार मुस्लिम भाईचारा संयोजक संदीप कुमार पिछड़ा भाईचारा संयोजक, राजेंद्र रूपरेखा तय करने वाले युवा नेता दीपक निषाद भावी उम्मीदवार वार्ड नंबर 2 जिला पंचायत सदस्य, राजेश्वर यादव भावु उम्मीदवार जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी वार्ड नंबर 1, आजाद अली वार्ड नंबर 1 के भावी जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी, राम अजोर विधानसभा सचिव, त्रिजुआनंद गौतम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ग्राम प्रधान परसा शुक्ला, राजकुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि परसा माफी, अवधेश प्रधान, जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 2 राधेश्याम यादव यदि लोग मौजूद रहे।

# अब 15 फरवरी तक आवेदन का अवसर,अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश तिथियाँ बढ़ीं

## कक्षा 6 व 9 में प्रवेश के लिए परीक्षा 8 मार्च को, परिणाम 18 मार्च को

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के मनकापुर तहसील अन्तर्गत अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए में कक्षा–06 एवं कक्षा–09 में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि विस्तारित कर दी गई है। महानिदेशक,अटल आवासीय विद्यालय द्वारा इस संबंध में सभी मण्डलायुक्त को निर्देश जारी किए गए हैं ।जारी आदेश के अनुसार विभिन्न मण्डलों से अपेक्षा.त कम आवेदन प्राप्त होने के .ष्टिगत अधिक से अधिक पात्र बच्चों को अवसर देने के उद्देश्य से तिथियों में संशोधन किया गया है। अब ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है, जो पूर्व में 31 जनवरी 2026 थी ।आवेदनों का सत्यापन 25 फरवरी 2026 तक किया जाएगा, जबकि प्रवेश पत्र 26 से 28 फरवरी 2026 के बीच जारी होंगे ।प्रवेश परीक्षा 08 मार्च 2026 (रविवार) को आयोजित की जाएगी। परीक्षा परिणाम 18 मार्च 2026 को घोषित किए जाएंगे। चयनित विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग एवं ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया 20 मार्च से 29 मार्च 2026 के मध्य संपन्न कराई जाएगी। नया शैक्षणिक सत्र 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा ।आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने उप श्रमायुक्त को निर्देश दिये है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्रवेश प्रक्रिया को समयबद्ध व सुचारु रूप से संपन्न कराएं, ताकि अधिक से अधिक पात्र छात्र लाभान्वित हो सकें।




## संग्रह अमीनो ने किया प्रदर्शन जारी नही हुई पुरी कार्यवाही

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर। कुर्की करने गए संग्रह अमीन के साथ मारपीट की गई। इससे नाराज जिले के संग्रह अमीनो ने उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ के तत्वावधान में प्रदर्शन किया ।जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर गाली देने वाले दो भाइयों अखिलेश कुमार और अनिल कुमार को गिरतार करने और रिवॉल्वर का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है ।उन्होंने अल्टीमेटम दिया कि अगर दो दिन में गिरतारी और रिवॉल्वर लाइसेंस निरस्त नहीं किया जाता है तो समस्त राजस्व संग्रह अमीन, अनुसेवक, सामयिक संग्रह अमीन, अनुसेवक कार्य से विरत होते हुए जिला मुख्यालय पर धरना देंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।

# महाशिवरात्रि, रमजान, होली को लेकर शोहरतगढ़ सर्किल के थानों में हुई समन्वय बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़ / सिद्धार्थनगर ।महा शिवरात्रि, रमजान, होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्भ्रान्ति लोगों व धर्मगुरुओं के साथ एक समन्वय बैठक किया गया। सभी लोगों से पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने की अपील की गई। थाना शोहरतगढ़, ढेबरुआ व कठेला समयमाता में रविवार को थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह, नरायन लाल श्रीवास्तव व अभय सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। धर्मगुरुओं सम्भ्रान्ति लोगों से अपील करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के लोग ही हमारे परिवार व अंग है। आप के सहयोग से ही हर कार्यक्रम को शान्ति पूर्ण माहौल में मनाया जा सकता है। शान्ति व्यवस्था में कोई व्यवधान हो तो पुलिस को सूचित करें, पुलिस तत्पर रहेगी। क्षेत्र में जहां भी शिव रात्रि के दिन मेला आयोजन हो रहा है। चिन्हित किया गया। नये स्थान के बारें में जानकारी लिया गया। रमजान, होली पर्व पर शान्ति पूर्व आपसी सामंजस्य बनाकर बनायें, जिससे आपसी सौहार्द बना रहें।

इसके अतिरिक्त कोई अराजकतत्व अवरोध करता है। उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। मेले या किसी धार्मिक स्थल पर कोई विवाद करता है, तो उसे छोड़ा नहीं जायेगा प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान थाना क्षेत्रों के ग्राम प्रधान व सम्भ्रान्त व्यक्तियों तथा दोनो धर्मों के धर्मगुरुओ तथा डीजे धारक उपस्थित रहें।



# युवा पत्रकार प्रेस क्लब : जब पत्रकार सुरक्षित और सशक्त होंगे, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा : मणेन्द्र मिश्रा मशाल

## पत्रकारिता को मजबूत बनाने के लिए पत्रकारों के हित और संरक्षण को लेकर सकारात्मक पहल करने की है आवश्यकता -मणेन्द्र मिश्रा मशाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ अन्तर्गत खुनुवां बाईपास रोड स्थित चौधरी मैरेज हॉल में युवा पत्रकार प्रेस क्लब के बैनर तले के क्षेत्र के सक्रिय पत्रकारों एवं संगठन पदाधिकारियों की मासिक बैठक बुलाई गई। बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा, संरक्षण सहित आस–पास के क्षेत्र में घट रही घटनाओं पर भी बृहद चर्चा हुआ। बैठक में मान्यता प्राप्त पत्रकार एवं समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' बतौर मुख्य अतिथि के रूप में तो वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार सरताज आलम, वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक मुकेश धर द्विवेदी, प्रशासनिक अधिकारी हनुराम ओझा, समाजसेवी गोपाल प्रसाद फ़ौजी भी शामिल रहे। मंचाशीन अतिथियों एवं पत्रकारों का एक दूसरे से परिचय प्राप्त के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें प्रेस क्लब भवन निर्माण की मांग सहित पत्रकारों के हित और संरक्षण को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' ने कहा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मानी जाने वाली पत्रकारिता को मजबूत बनाने के लिए पत्रकारों के हित और संरक्षण को लेकर लगातार सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है। देशभर में ऐसे कई पत्रकार और संगठन हैं जो निडर, निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता के माध्यम से समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पत्रकारों की सुरक्षा, स्वतंत्रता और अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।





कई राज्यों में पत्रकार सुरक्षा कानून, स्वास्थ्य बीमा योजनाएं, पेंशन सुविधाएं और मानदेय में सुधार जैसे निर्णय पत्रकारों के मनोबल को बढ़ा रहे हैं। इससे पत्रकार बिना किसी दबाव या भय के सच को सामने ला पा रहे हैं। पत्रकारों का संरक्षण केवल उनकी सुरक्षा तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें सम्मानजनक जीवन, आर्थिक स्थिरता और अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता भी मिलनी चाहिए। इसी सोच के साथ कई पत्रकार संगठन प्रशिक्षण कार्यक्रम, कानूनी सहायता और आपातकालीन सहयोग भी प्रदान कर रहे हैं।ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों की भूमिका भी अत्यन्त महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद जमीनी मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हैं। ऐसे पत्रकारों को मंच और पहचान मिलना पत्रकारिता के भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है। जब पत्रकार सुरक्षित और सशक्त होंगे, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। पत्रकारों के हित में उठाए जा रहे ये कदम न केवल मीडिया जगत को बल्कि पूरे समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार सरताज आलम, वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक मुकेश धर द्विवेदी, प्रशासनिक अधिकारी हनुराम ओझा, समाजसेवी गोपाल प्रसाद फ़ौजी ने भी पत्रकारों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन युवा पत्रकार प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्रवण कुमार पटवा ने किया।इसी कड़ी में कैलेंडर न्यू वर्ष के उपलक्ष में मुख्य अतिथि की ओर से पत्रकारों को उपहार स्वरुप डायरी व पेन भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान संगठन महामंत्री धर्मेंद्र कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष पीयूष सिंह सहित वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक रामदेव द्विवेदी, पत्रकार अभिषेक श्रीवास्तव, अनूप गोस्वामी, दिनेश कुमार, अभिषेक शुक्ला, नवरंगी यादव, अशोक दूबे, इसरार हुसैन, चन्दन कुमार वर्मा, जीत बहादुर श्रीवास्तव, राकेश बाबा, इन्द्रेश तिवारी, नफीस आलम, अमिताभ श्रीवास्तव, शरदेन्दु त्रिपाठी, बजरंगी यादव, शिवरतन कनौजिया एवं एंकर इमरान खान, अतुल शुक्ला, अजय चौरसिया, शादाब, घनश्याम यादव आदि मौजूद रहे।

# जनसंघ के संस्थापक डॉ0 मुखर्जी के त्याग, बलिदान और राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान : सांसद पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विकास भवन स्थित अम्बेडकर सभागार में रविवार को जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिन्तक एवं महान शिक्षाविद् डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयन्ती के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन संस्ृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं देवेन्द्र नाथ सामाजिक एवं शैक्षिक सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के त्याग, बलिदान और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ0 मुखर्जी ने अखण्ड भारत, राष्ट्रवाद और वैचारिक स्पष्टता के लिए जो संघर्ष किया, वही आज भाजपा की विचारधारा की मजबूत नींव है। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि डॉ0 मुखर्जी के सपनों को साकार करने का कार्य केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकारें कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और विचारों पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। इसके साथ ही सांस्ृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी गरिमामय बना दिया, जिनकी अतिथियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने निबन्ध, कवि सम्मेलन, सांस्ृतिक कार्यक्रम एवं अन्य प्रतियोगिताओं में उत्ृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं और प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत देवेन्द्र नाथ सामाजिक एवं शैक्षिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी व प्रबन्धक अरुण कुमार ने किया, जबकि आभार ज्ञापन डीएनआईआईटी थरौली के निदेशक अमित त्रिपाठी ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि चार दिवसीय आयोजन के दौरान डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर विचार संगोष्ठी, कवि सम्मेलन, बच्चों द्वारा सामाजिक समरसता रैली, निबन्ध प्रतियोगिता सहित कई वैचारिक व सांस्ृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम का कुशल संचालन नितेश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन, भाजपा के पूर्व जिला प्रभारी राम जियावन मौर्य, डॉ0 आलोक त्रिपाठी, प्रान्त प्रचार प्रमुख धर्मेन्द्र पाठक, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, ग्राम प्रधान पंकज चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य लोग, शिक्षक, छात्र–छात्राएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# नगर पंचायत बढ़नी के आबादी के जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग किये जाने की चर्चा जोरों पर

दैनिक बुद्ध का संदेश

बढ़नी/सिद्धार्थनगर।भारत–नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इण्डो–नेपाल



बॉर्डर क्षेत्र के बढ़नी कस्बे में वेशकीमती जमीनों पर कथित भू–माफियाओं की नजर बनी हुई है और उस भूमि को मानक के विपरीत टुकड़ों–टुकड़ो में प्लाटिंग कर उसे बेंचकर मोटी कमाई कर मालामाल होने की जुगत में लगे हुए हैं। गत वर्ष जून माह में नगर पंचायत बढ़नी चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले से अवगत कराते हुए बताया था कि नगर पंचायत बढ़नी बाजार अन्तर्गत ग्राम मुड़िला शहरी के गाटा सं0–3 आबादी श्रेणी–6 (2) रकबा 1.126 हेक्टेयर रूप में अंकित है। नगर पंचायत की उक्त आबादी की 9 बीघा भूमि जो नो–मैन्स लैण्ड से सटी भूमि है, को कुछ कथित भूमाफियों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग आदि कार्य किया जा रहा है। उक्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए तहसील प्रशासन द्वारा सीमा पर हो रहे अवैध प्लाटिंग का कार्य रूकवा दिया गया था तब से मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। रविवार को नगर पंचायत बढ़नी के उक्त गाटा पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से बिना किसी के जानकारी के गुपचुप तरीके से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। वहीं मामले की जानकारी अधिशासी अधिकारी बढ़नी अजय कुमार को होने पर उन्होंने नगर पंचायत कर्मी को भेजकर नगर पंचायत की आबादी की जमीनों पर अवैध रूप से हो रहे प्लाटिंग के कार्य व निर्माण कार्य को रुकवा दिया है।

# जनपद में बसपा ने किया पांचों विधानसभाओ का विधानसभा स्तरीय बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु0 मायावती के दिशा निर्देश पर जनपद के पांचों विधानसभा में रविवार को किया गया कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गयी है। उक्त जानकारी बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहीं। उन्होंने बताया कि शोहरतगढ विधानसभा में मुख्य अतिथि दिनेश चन्द्र गौतम, कपिलवस्तु विधानसभा में मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी राजकुमार आर्य, बांसी विधानसभा में मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी बस्ती मण्डल के0के0 गौतम, इटवा विधानसभा में मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी इन्द्रजीत गौतम, डूमरियागंज विधानसभा में मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी बस्ती मण्डल उदयभान गौतम मौजूद रहें। बैठक में कार्यकर्ताओ को गांव–गांव जाकर बसपा सरकार में किये गये जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकर्ता बूथों पर जाकर काम शुरू कर दें, जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 में बसपा की सरकार बना कर समतामूलक समाज की स्थापना करना है। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद, जिला उपाध्यक्ष प्रेम मिलन शुक्ला, महासचिव संजय शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष जहूर खां, प्रिन्स अम्बेडकर, विधानसभा प्रभारी हीरालाल कुरिल, आनही प्रसाद, घनश्याम गौतम, रमेश आजाद, सतेन्द्र कुमार गौतम, दिलीप कुमार, मुनीराम राजभर, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश कुमार गौतम, शुभकरन चौधरी, रमेश चमार, विजयपाल कन्नौजिया, मन्टू गौतम, राधेश्याम गौतम, रामपाल गौतम, मनोज कुमार गौतम, वीरू पासवान, अंगद राज गौतम, अलीम खां, रफीक अहमद, खुर्शीद अहमद, शहंशाह शलमानी, दिनेश चौधरी, विशाल चौधरी सहित अन्य जिम्मेदार कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहें।




# रमजान : 5 साल में तीन घंटे घटा इस बार होगा 13.40 घंटे का रोजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। इस बार खुदा की इबादत का तलबगार मोमिनों का इंतजार खत्म होने वाला है। इबादत का महीना माह–ए–रमजान में बस करीब दो सप्ताह बचे हैं। इस बार उन्हें पिछले साल से अधिकतम 22 मिनट कम रोजा रखना होगा, यानी लगभग 13.40 घंटे रोजा रहेगा। ठंडी और गर्मी के मौसम के अनुसार पिछले पांच सालों में रोजे का समय करीब तीन घंटे तक घटा है। इस बार भी चार जुमे की नमाज होगी।चांद के दीदार के आधार पर रमजान 19 या 20 फरवरी से शुरू होगा, इसी दिन पहला रोजा भी तय होगा। रमजान इस्लामिक माह है, जिसे इस्लाम में सबसे पवित्र माना गया है। पूरे महीने मोमिन इबादत में मशगूल रहेंगे। इस बार गुलाबी ठंड में रमजान शुरू होने से रोजे का समय कम रहेगा। मौलाना कौसैन मदनी के 19 और 20 फरवरी से पहला रोजा, चार जुमे की नमाज 20 और 21 मार्च को ईदअनुसार, सुन्नी जमात का पहला रोजा 12.43 घंटे और अंतिम 13.39 घंटे का होगा।

इमामे जुमा मौलाना जफर हुसैनी के अनुसार शिया जमात का पहला रोजा 12.58 घंटे और आखिरी रोजा 13.40 घंटे तक रहेगा।हर साल मौसम के अनुसार रमजान का महीना करीब 10 दिन आगे या पीछे होता है। पिछले साल के मुकाबले इस बार भी रोजे का समय आधे घंटे कम रहेगा। चार जुमे की नमाज भी इसी अनुसार अदा की जाएगी। चांद के दीदार के अनुसार 19 या 20 फरवरी को पहला रोजा और 19 या 20 मार्च को अंतिम रोजा होगा, जबकि ईद की तारीख 20 या 21 मार्च तय होगी।

# उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसायटी संघ ने दिया ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसायटी संघ के कर्मचारियों ने नियमितीकरण सहित विभिन्न समस्याओं का समाधान कराने के लिए नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को उनके इटवा स्थित आवास पर ज्ञापन दिया है।उक्त जानकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने दी।उन्होंने बताया कि संघ के कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।इसके बावजूद उन्हें अकारण नौकरी से निकाल दिया जाता है।उनका जमकर शोषण हो रहा है।जबकि मणिपुर राज्य में राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर इसके सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग में समाहित करते हुए उन्हें नियमित कर दिया गया है।उपरोक्त आशय का ज्ञापन नेता प्रतिपक्ष को देकर विधानसभा में इस समस्या को उठाने का अनुरोध किया गया।ज्ञापन देते समय प्रदेश अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष अमित मिश्र,राज्य संयोजक रत्नेश त्रिपाठी, विश्व जीत ओझा प्रदेश प्रभारी प्रशांत अवस्थी, अपूर्व श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता, बी के गौतम, समीक्षा चौधरी, जितेंद्र त्रिपाठी , शीला यादव सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।



# गणित विषय में अच्छे अंक लाने के लिए आवश्यक है तैयारी: रवि प्रकाश यादव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। हाईस्कूल की गणित विषय में अच्छे अंक लाने के लिए आवश्यक है कि पाठयक्रम को छोटे–छोटे हिस्सों में विभाजित कर तैयारी करें। नए अध्याय को शुरू करने से पहले सभी परिभाषाओं, सूत्रों के संक्षिप्त नोट्स बना कर उन्हें याद कर लें। ऐसा करने से विषय को दोहराना आसान होगा।प्रश्नपत्र का पूर्णांक 100 अंक का होता है। इसमें 70 अंक की लिखित परीक्षा और 30 अंक का आंतरिक मूल्यांकन या प्रोजेक्ट कार्य शामिल है। प्रश्नपत्र का पूर्णांक 70 अंक रहेगा। इसमें 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न तथा 50 अंक के वर्णनात्मक (अति लघु ,लघु और दीर्घ उत्तरीय ) प्रश्न शामिल हैं।न्च ठवंतक 2026 उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि यदि त्रिकोणमिति में ऊंचाई व दूरी से संबंधित प्रश्न पूछा जाता है तो हल करने से पहले उससे संबंधित चित्र साफ एवं नामांकित करते हुए बनाएं। अपनी उत्तर पुस्तिका में हल करने से पहले उस प्रश्न का प्रश्न नंबर जरूर लिखें। मेंसुरेशन संबंधित सभी सूत्रों को लिख कर याद करें। त्रिकोणमिति से संबंधित सभी सर्वसमिकाओं को अवश्य याद कर लें। सांख्यिकी से संबंधित सूत्र भी याद करना आवश्यक है,लेखक रवि प्रकाश यादव सहायक अध्यापक गणित शिक्षा सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज तेतरी बाजार सिद्धार्थनगर



# सीओ सदर ने कपिलवस्तु कोतवाली में किया पर्व पर संवाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु। धर्म गुरुओं,संभ्रांति लोगों के साथ सीओ सदर



विश्व जीत शौर्यान ने आगामी पर्व महाशिवरात्रि,रमजान को लेकर कोतवाली में बैठक किया गया। पर्व पर कोई खलल न हो,हुड़दंगई बिल्कुल बर्दाशत नहीं किया जाएगा। पर्व पर प्रसाद के नाम पर नशा करने वाले लोग त्योहारों पर अराजकता फैलाता है।तो उसे पुलिस अपनी कार्यवाही में लेगी।होली पर्व पर होलिका दहन स्थल विवादित जगह न रहे। उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा का शुरुआत हो रही है।पर्व के दौरान तेज आवाज से विद्यार्थियों को पढ़ने में बाधा उत्पन्न न होने पाए। धीमी आवाज ही रखें। इस दौरान कोतवाली प्रभारी संतोष तिवारी,चौकी प्रभारी अखिलेश तिवारी,सदरूल खान, संभ्रांति लोगों में जितेन्द्र सिंह, सुनील यादव, अब्दुल कलाम,मो मुस्तकीम, गुड्डू ,राहुल, आर्यन, निसार,आदि।

# मानव बन रहा राक्षस प्रतिबंधित पशु का अवशेष मिला

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सदर थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर गांव के टोला देवपुर ग्रांट शनिवार को प्रतिबंधित पशु का अवशेष मिला। मामले की जानकारी मिलते ही सीओ एसओ और विश्व हिंदू महासंघ के लोग पहुंच गए। डॉक्टर को दिखाने के बाद अवशेष को दफन करवा दिया गया है। अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के दुर्जनपुर गांव के टोला देवपुर ग्रांट में दोपहर तकरीबन डेढ़ बजे गांव के पूरब स्थित प्राथमिक विद्यालय के पीछे स्थित कुआं (सूखा हुआ) मेंअज्ञात पशु का सिर स्थानीय लोगों के देखा। इसकी जानकारी पर सीओ सदर और कोतवाल दुर्गा प्रसाद मौके पर पहुंचे।इसके बाद पुलिस की सूचना पर पशु चिकित्सक को सूचना देते हुए मौके पर पहुंचकर पशु के सिर को कुआं से निकालकर कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर दफना दिया गया। उक्त पशु का सिर 4–5 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।इस संबंध में कोतवाल दुर्गा प्रसाद ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच गए। जांच करवाने के बाद दफन करवा दिया गया। अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

# सम्पादकीय

**यह कोई अखाड़ा नहीं, भारत के लोकतंत्र का सर्वोच्च और गरिमापूर्ण मंदिर है, सर्वोच्च पंचायत भी है। संभवतः प्रधानमंत्री मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में 'धन्यवाद प्रस्ताव' पर बोलेंगे। यदि उच्च सदन में भी विपक्ष की वही चिल्ल–पौं हुई, तो क्या होगा ? यह आलेख लिखे जाने तक प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में नहीं बोल पाए थे। अंततः लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनि मत ...**

## मर्यादा हनन का सदन

प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में 'धन्यवाद प्रस्ताव' पर अपना जवाब नहीं दे सके। राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में प्रधानमंत्री अपनी बात सदन में नहीं रख सके, जबकि वह सदन के नेता भी हैं। संसदीय इतिहास में यह अभूतपूर्व विडंबना है और देश की संसदीय व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। चूंकि स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की कथित किताब के अंश सदन में पढने की अनुमति नहीं दी, लिहाजा विपक्ष उबल रहा है। विरोध और गुस्से में, सदन में ही, पोस्टर–बैनर लहराए जा रहे हैं। यह कानून और संविधान का उल्लंघन है। कुछ नारे भी आपत्तिजनक हैं। संसद में हंगामा हो रहा है। क्या यही 'न्यू नॉर्मल' है? कमोबेश हंगामे के आसार की सूचना गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी को दी होगी! गृहमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्ष के नेताओं से भी बातचीत की, लेकिन कोई बर्फ नहीं पिघली। स्पीकर ओम बिरला ने अपने चौंबर में भी पक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक बुलाई थी, लेकिन वहां भी उग्र और उत्तेजित संवाद हुआ, नतीजतन हंगामा जारी रहा। हमने संसदीय कवरेज के अपने अनुभव में देखा है कि जब प्रधानमंत्री बोलने के लिए खड़े होते हैं, तो विपक्ष का हंगामा खामोश हो जाता है। यह आचार–संहिता भी है, परंपरा भी है और प्रध ानमंत्री पद के प्रति सम्मान भी है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के कालखंड में सत्ता और विपक्ष प्रतिद्वंद्वी नहीं, एक–दूसरे के 'कट्टर दुश्मन' बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी को इससे पहले भी विपक्ष के हंगामे, शोर, नारेबाजी के बीच ही अपना भाषण देना पड़ा था। इस बार भी विपक्ष जबरदस्त विरोध पर आमादा है, क्योंकि नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया और विपक्ष के 8 सांसदों को सत्र भर के लिए निलंबित कर दिया गया है। जहां तक निलंबित सांसदों का सवाल है, हमारा मानना है कि ऐसे सांसदों की सांसदी ही बर्खास्त कर दी जाए। उसके लिए नियम–कानून में संशोधन किया जा सकता है। जिस तरह विपक्षी सांसदों ने 'वेल' में आकर कागज की चिन्दियां स्पीकर के आसन पर फेंकी थीं और मेजों पर चढ़ कर 'हुड़दंगी नृत्य' किया था, कमोबेश सदन में वह अक्षम्य होना चाहिए। पूर्व उपराष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप ध ानखड़ के कार्यकाल में, राज्यसभा में भी, ऐसे हुड़दंग मचाए जा चुके हैं। वहां भी सांसद निलंबित किए गए थे। यदि विपक्ष की यही विरोध–शैली बन गई है, तो यकीनन यह अराजकता, मर्यादाओं का हनन, अनुशासनहीनता और सदन के अध्यक्ष का अपमान है। संसद ऐसे हुड़दंगियों का सदन नहीं बनाई जा सकती। दलीलें दी जाती रही हैं कि विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने भी ऐसे ही हंगामे मचाए थे, नतीजतन पूरे सत्र ही धुल गए थे। ऐसे अतीत आज प्रासंगिक नहीं हैं। हम संसद के भीतर ऐसे विरोध, हंगामे को न तो अभिव्यक्ति की आजादी मानते हैं और न ही विपक्ष का विशेषाधिकार मानने को तैयार हैं। लोकसभा में ही वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को भारत–अमरीका व्यापार समझौते पर, विपक्षी शोर के बीच ही, अपना वक्तव्य पढना पड़ा। ऐसी संसद का औचित्य क्या है? यह कोई अखाड़ा नहीं, भारत के लोकतंत्र का सर्वोच्च और गरिमापूर्ण मंदिर है, सर्वोच्च पंचायत भी है। संभवतः प्रधानमंत्री मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में 'धन्यवाद प्रस्ताव' पर बोलेंगे। यदि उच्च सदन में भी विपक्ष की वही चिल्ल–पौं हुई, तो क्या होगा? यह आलेख लिखे जाने तक प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में नहीं बोल पाए थे। अंततरू लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित कराना पड़ा। संसद के भीतर यह भी कर लो, क्योंकि एक घंटे में दसियों विधेयक, बिना चर्चा के, इसी सदन में पारित किए जाते रहे हैं। बहरहाल, संसद में जो हो रहा है, वह निरंकुशता और उच्छृंखलता है। क्या संसद इसीलिए बनी है?

## प्रभु श्रीराम का लंका गमन, अधर्म पर धर्म की विजय

प्रभु श्रीराम का लंका गमन, ऐतिहासिक ग्रंथ, रामायण का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रोमांचक यथार्थ है। यह यात्रा केवल एक भौगोलिक दूरी तय करना नहीं थी, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय का मार्ग थी। प्रभु श्रीराम ने वानर सेना को संगठित किया। वानर सेना को सांगठनिक रूप से सशक्त किया। माता सीता का पता लगाने के बाद, श्री हनुमान जी महाराज ने लंका से लौटकर प्रभु श्री राम को पूरी सूचना दी। इसके बाद, सुग्रीव के नेतृत्व में विशाल वानर सेना किष्किंधा से दक्षिण की ओर चल पड़ी। समुद्र तट पर पड़ाव को एक सशक्त घटना के रूप में



समझ सकते हैं। सेना जब दक्षिण के छोर पर पहुँची, तो सामने विशाल समुद्र था।श्री राम ने तीन दिनों तक समुद्र से मार्ग देने की प्रार्थना की। जब विनय से काम नहीं चला, तब श्री राम ने अपना धनुष उठाया। भयभीत होकर समुद्र देव प्रकट हुए और उन्होंने नल–नील की शिल्प कला का रहस्य बताया। राम सेतु का निर्माण किया। नल और नील के मार्गदर्शन में वानर सेना ने राम सेतु (नल सेतु) का निर्माण किया। कहा जाता है कि पत्थरों पर श्रामश नाम लिखने से वे पानी पर तैरने लगे। यह पुल लगभग 100 योजन लंबा था। पुल पार करने के बाद पूरी सेना ने लंका के निकट सुवेल पर्वत पर डेरा डाला। यहाँ से श्री राम ने लंका की भव्यता देखी और युद्ध की अंतिम नीति तैयार की।उन्होंने शांति का अंतिम प्रयास भी किया। युद्ध टालने के लिए श्री राम ने बाली पुत्र अंगद को शांति दूत बनाकर रावण के दरबार में भेजा। रावण के अहंकार के कारण यह प्रयास विफल रहा, जिसके बाद धर्म–युद्ध की शुरुआत हुई। इस यात्रा का समापन रावण के वध और विभीषण के राज्याभिषेक के साथ हुआ। इस तरह प्रभु श्रीराम ने सामान्य जन के साथ एकीकरण करते हुए दुर्दांत सत्ता का दमन किया।

लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेष

# ममता बनर्जी का आसमान में सुराख करने का इरादा

**काम की तलाश में दूसरे जगह जाने वालों को भी इसी तरह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के नाम बिना उचित प्रक्रिया के हटाए जा रहे हैं, जिन्हें बाद में श्तार्किक विसंगतिश या श्गलत मानचित्रणश जैसे अस्पष्ट बहाने देकर उचित ठहराया जाता है, जो न्यायालय के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने आधार को वैध प्रमाण के रूप में स्वीकार करने के न्यायालय के आदेश का...**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एक नया इतिहास रच दिया। ममता बनर्जी बाकायदा वकील के तौर पर सर्वोच्च न्यायालय में उपस्थित हुईं और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर में हो रही गड़बड़ियों के खिलाफ अपनी दलीलें पेश कीं। देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी मुख्यमंत्री ने वकील की भूमिका भी निभाई है। सबसे खास बात यह कि ममता बनर्जी अपना या अपनी पार्टी का पक्ष रखने शीर्ष अदालत में प्रस्तुत नहीं हुईं बल्कि उन लाखों कमजोर लोगों का पक्ष रखने के लिए सामने आईं, जो एसआईआर से पीड़ित हैं, जिनके मताधिकार पर सरकारी कार्रवाई का चाबुक चला है। संक्षेप में कहें तो ममता बनर्जी लोकतंत्र को बचाने के लिए मुख्यमंत्री होते हुए भी वकील की भूमिका में आईं। अदालत में अपनी दलीलों को पेश करने के बाद आखिरी में माननीय न्यायाधीशों से उन्होंने यही कहा कि लोकतंत्र बचा लीजिए। गौरतलब है कि एसआईआर को लेकर देश भर में गरीब और कमजोर लोग चिंतित हैं कि उनका नाम कहीं मतदाता सूची से कट न जाए। पांच साल में एक दिन उन्हें मिलता है जब उन्हें उसी कतार में खड़े होने का मौका मिलता है, जिस कतार में समाज का धनाढ्य और प्रभावशाली तबका भी लगता है। वोट देने का अधिकार अमीर और गरीब हरेक के पास एक जैसा है। लेकिन



एसआईआर के कारण इस अधिकार पर बड़ी चोट पड़ चुकी है। भाजपा और चुनाव आयोग जिसे धार्मिक शब्दावली की तरह मतदाता सूची का शुद्धिकरण कहते हैं, वह असल में अन्याय और असमानता को बढ़ावा देने वाला है। पिछले साल जून में सबसे पहले बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया शुरु हुई थी, जिसका व्यापक और तार्किक विरोध विपक्ष ने किया था। बिहार में इस पर महागठबंधन ने वोटर बचाओ यात्रा भी निकाली थी, जिसे बड़े पैमाने पर समर्थन मिला था। इस मामले में अदालत में याचिकाएं दाखिल हुईं। कायदे से ऐसे में एसआईआर को रोक कर फैसले का इंतजार किया जाना चाहिए था। लेकिन बिहार में यह पूरी भी हुई और करोड़ों नाम वोटर लिस्ट से कटे, उसके बाद चुनाव हुए और नतीजा सबके सामने है। जिन घुसपैठियों के नाम पर एसआईआर को तत्काल कराने की जरूरत बताई गई, उस पर अब सत्ता पक्ष या चुनाव आयोग कुछ नहीं कहता कि कितने विदेशी नागरिक बिहार में वोटर लिस्ट में थे। अब घुसपैठियों का यही लचर तर्क प.बंगाल में दिया जा रहा है। यहां तो अर्मत्य सेन जैसे प्रतिष्ठित नागरिक तक को चुनाव आयोग ने नोटिस भेज दिया, तो आम गरीब आदमी की बिसात ही क्या है। इसलिए ममता बनर्जी को बुधवार को अदालत में कहना पड़ा कि न्याय बंद दरवाजे के पीछे रो रहा है। बता दें कि भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के समक्ष ममता बनर्जी अपने वकीलों के साथ कोर्ट रूम नंबर एक में मौजूद रहीं। मंगलवार को मुख्यमंत्री बनर्जी के नाम पर एक गेट पास जारी किया गया था। मोस्तारी बानू और टीएमसी सांसदों डेरेक ओ श्ब्रायन और डोला सेन की दायर याचिकाओं पर सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने सुनवाई की। जिनमें ममता बनर्जी ने अपनी दलील पेश की। सुश्री बनर्जी ने अपनी बात रखने की इजाजत मांगी। उन्होंने कहा, श्सर, मुझे सिर्फ 5 मिनट दें।श सीजेआई ने कहा कि 15 मिनट लीजिए। फिर ममता बनर्जी ने भावुक होकर कहा, श्न्याय बंद कमरों के पीछे रो रहा है। हम कहीं से न्याय नहीं पा रहे। मैंने चुनाव आयोग को 6 बार पत्र लिखा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।श ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग बंगाल को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा, श्यह चुनाव आयोग नहीं, व्हाट्सएप कमीशन है। एसआईआर को सिर्फ नाम हटाने का हथियार बनाया जा रहा है, न कि सही जांच का। उन्होंने 24 वर्षों के बाद लागू की गई इस तात्कालिकता पर भी चिंता जताई, जिसे फसल कटाई के मौसम और प्रवासन के चरम समय के दौरान तीन महीनों में जल्दबाजी में पूरा किया गया था, और इसके मानवीय नुकसान को भी दर्ज किया, जिनमें 100 से अधिक मौतें, बीएलओ सदस्यों की मौतें और बड़े पैमाने पर अस्पताल में भर्ती होना शामिल है। ममता ने बताया कि एसआईआर के पहले चरण में ही लगभग 58 लाख नामों को मृत घोषित कर दिया गया। कई महिलाओं के नाम हटाए गए, जिससे यह प्रक्रिया महिला विरोधी लग रही है। उन्होंने कहा कि शादी के बाद महिलाओं का सरनेम बदलने या ससुराल जाने पर इसे मिसमैच बताकर नाम काट दिए जा रहे हैं।

# कमजोरों के लिए खतरनाक रसूखदार लोग

**वदेश मंत्रालय जिन आरोपों को बकवास बता रहा है, क्या उसके लिए उसने अमेरिकी न्याय विभाग के सामने अपनी आपत्ति उठाई है। क्योंकि कांग्रेस के आरोप अमेरिकी सरकार द्वारा जारी फाइलों के आधार पर ही लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के लिए अगर किसी शातिर अपराधी ने कोई बकवास की है, तो उसका माकूल जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा। वैसे बेहतर तो यही रहता कि नरेन्द्र...**

अमेरिका के कुख्यात नाबालिग लड़कियों के यौन तस्कर जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी लाखों फाइलें अमेरिकी न्याय विभाग ने जारी की हैं। शुक्रवार को 30 लाख पेज, एक लाख 80 हजार तस्वीरें और दो हजार वीडियो सार्वजनिक रूप से पोस्ट किए गए। इन नए खुलासों में ऐसे घिनौने और भयानक अपराध सामने आए हैं, जिन्हें देखकर साधारण इंसान की रूह कांप जाए। ज्यादा डरावनी बात ये है कि एपस्टीन के साथ दुनिया भर के ऐसे नामी–गिरामी और रसूखदार लोगों के नाम जुड़े हैं जो खुद को लोकतंत्र, उदारवाद, मानवाधिकारों के पैरोकार के तौर पर प्रस्तुत करते हैं। मगर हकीकत में वे कमजोर लड़कियों और बच्चों पर पैशाचिक अत्याचार करते हैं। सोशल मीडिया पर 2009 का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें गैब्रिएला रिको जिमेनेज नाम की मैक्सिकन मॉडल मैक्सिको के मॉन्टेरी में फिएस्टा के बाहर खड़ी होकर चिल्ला–चिल्लाकर बता रही है कि वह जैफ्री एपस्टिन से जुड़े एक मॉडलिंग आयोजन में गई थी जहां दुनियाभर के नेता और बिजनेसमैन पार्टी कर रहे थे और वो लोग श्बच्चों के मांसश खा रहे थे। संभवतरू यह पहली बार था जब किसी ने एपिस्टन या उसके निजी द्वीपों पर हो रहे बच्चियों के बलात्कार और हत्या के आरोप लगाए थे। लेकिन पुलिस ने इस लड़की को श्मनोरोगश का शिकार बताकर गिरफ्तार कर लिया गया और फिर यह लड़की कभी नहीं दिखी। अब उस घटना के 17 साल बाद एपिस्टीन फाइलें जारी हुई तो पता चला यह लड़की जो कुछ बोल रही थी, वो पागलपन नहीं था। बल्कि उसमें काफी हद तक हकीकत भी थी। क्योंकि अब एपस्टीन और उनके तथाकथित बड़े ग्राहकों का शिकार कुछ लड़कियों ने सामने आकर हकीकत बयां की हैं। किसी ने बताया



कि 10 साल की अबोध उम्र में उनके साथ दिन में तीन–तीन बार बलात्कार हुआ, तो किसी ने बताया कि कैसे पार्टियों के बहाने अमीर लोगों के सामने उन्हें पेश किया गया। बिल गेट्स की पत्नी रही मेलिंडा गेट्स ने भी एक साक्षात्कार में बताया है कि उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आता था कि बिल गेट्स एपस्टीन से मिलते थे। खुद मेलिंगा गेट्स केवल एक बार एपस्टीन से मिलीं और उन्हें काफी अफसोस हुआ कि उन्होंने यह मुलाकात की। मेलिंडा गेट्स ने एपस्टीन को श्घृणितत्र और श्बुराई का साक्षात रूपत्र बताया और कहा कि उस मुलाकात के बाद उन्हें बुरे सपने आते थे। बिल गेट्स से उनके तलाक के कारणों में एक वजह एपस्टीन से बिल गेट्स के संबंध भी थे। न्याय विभाग द्वारा जारी एपस्टिन फाइलों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र भी सैकड़ों बार किया गया है। ट्रंप की एपस्टीन से दोस्ती थी। लेकिन ट्रंप कहते हैं कि यह कई साल पहले खराब हो गई थी और उन्होंने एपस्टीन के यौन अपराधों के बारे में किसी भी जानकारी से इनकार किया है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के भी कई पुराने वीडियो आए हैं जो नैतिकता के मापदंड पर खरे नहीं उतरते हैं। अब भले ही एपस्टिन से उनकी दोस्ती बरसों पहले खराब हो चुकी हो, लेकिन बेहतर यही होता कि ट्रंप अपने पद से इस्तीफा देकर खुद को निर्दोष साबित करने के लिए निष्पक्ष जांच का मौका दें। ध्यान रहे कि 10 अगस्त 2019 को एपस्टिन की जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी और इसमें हत्या की साजिश देखी जा रही है। क्योंकि एपस्टिन अगर दोषी पाया जाता तो उससे जुड़े कई बड़े नामों पर भी आंच आ सकती थी। अभी के खुलासे के बाद भी कुछ बड़ी हस्तियों ने या तो माफी मांगी है या अपने पद से इस्तीफा दिया है। नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे–मैरिट ने एपस्टीन के साथ अपनी श्शर्मनाकश दोस्ती के लिए माफी मांगी है। नॉर्वे की प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे ने भी कहा है कि क्राउन प्रिंसेस ने गलत जजमेंट किया था। वहीं किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू का नाम भी आया तो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उन्हें अमेरिकी न्याय विभाग में गवाही देने आना चाहिए। स्लोवाकिया सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने एप्सटीन से अपने संबंधों के सामने आने के बाद इस्तीफा दे दिया है। पीटर मैंडेलसन को पिछले साल एपस्टीन के साथ संबंधों के कारण वाशिंगटन में ब्रिटिश राजदूत के पद से हटा दिया गया था। अब उन्होंने रविवार को लेबर पार्टी छोड़ दी। अमेरिकी न्याय विभाग की फाइलों में भारत के प्रध ानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम भी आया है। जिसमें बताया गया है कि जेफ्री एपस्टीन ने 9 जुलाई 2017 को एक मेल में लिखा...श्भारतीय पीएम मोदी ने सलाह ली और अमेरिकी राष्ट्रपति के फायदे के लिए इजराइल में डांस किया और गाया। वो कुछ हफ्ते पहले मिले थे। ये काम कर गया।श इसी पर अब कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं कि– श्याद रहे– पीएम मोदी 4 से 6 जुलाई 2017 के बीच इजराइल दौरे पर थे। इसके तीन दिन बाद एपस्टीन ने यह मेल लिखा है। इजराइल दौरे से ठीक पहले 25–26 जून 2017 को मोदी, अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिले थे। जेफ्री एपस्टीन के मेल की कड़ियों को जोड़ें तो समझ आता है कि मोदी, जून 2017 में अमेरिका गए और वहां एपस्टीन से सलाह ली। इसके एक हफ्ते बाद (4 से 6 जुलाई 2017) मोदी इजराइल पहुंचे और सलाह के मुताबिक– वहां नाचे और गाए और काम हो गया। अब साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी का जेफ्री एपस्टीन से बहुत ही गहरा और पुराना नाता है, जो भारत के लिए शर्मनाक है। यह मामला राष्ट्रीय गरिमा और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का है, जिसके लिए प्रध ानमंत्री मोदी को जवाब देना चाहिए। श्कांग्रेस ने तीन सवाल करते हुए लिखा, श्नरेंद्र मोदी, जेफ्री एपस्टीन से कैसी सलाह ले रहे थे? मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के किस फायदे के लिए इजराइल में नाच और गा रहे थे? एपस्टीन ने लिखा है– श्इट वर्क्डश. .. तो इसका क्या मतलब है? श्हालांकि भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नरेंद्र मोदी और जेफ्री एपस्टीन की मुलाकात के दावों को खारिज किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जुलाई 2017 में प्रधानमंत्री की इजराइल की आधिकारिक यात्रा के अलावा, श्ईमेल में बाकघ बातें एक दोषी अपराधी की बेकार की बकवास से ज़्यादा कुछ नहीं हैं।श विदेश मंत्रालय जिन आरोपों को बकवास बता रहा है, क्या उसके लिए उसने अमेरिकी न्याय विभाग के सामने अपनी आपत्ति उठाई है।



# वानखेड़े का बदला मिजाज! अक्षर पटेल ने खोला राज, अमेरिका के खिलाफ मुश्किल में फंसी थी टीम इंडिया

टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती मुकाबले में अमेरिका के खिलाफ मिली 29 रनों की जीत के बाद भारतीय उप–कप्तान अक्षर पटेल ने पिच की प्रकृति को लेकर बड़ा बयान दिया है। अक्षर ने स्वीकार किया कि टीम इंडिया वानखेड़े स्टेडियम की पिच के व्यवहार से काफी हैरान थी, क्योंकि पारंपरिक रूप से यह मैदान बड़े स्कोर और सपाट विकेट के लिए जाना जाता है। अक्षर पटेल के अनुसार, टीम को मैदान पर उतरने के बाद यह समझने में लगभग तीन ओवर लग गए कि इस पिच पर एक प्रतिस्पर्धी स्कोर क्या होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने मात्र 77 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन कप्तान



सूर्यकुमार यादव की 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी से मेजबान टीम नौ विकेट पर 161 रन बनाने में सफल रही।

भारत ने अमेरिका को आठ विकेट पर 132 रन पर रोककर 29 रन से जीत दर्ज की। मैच के बाद अक्षर ने संवाददाताओं से कहा, ''योजना मैच की स्थिति के अनुसार बनाई जाती है। आम तौर पर मुंबई में विकेट सपाट होता है और हमें यह तय करने में लगभग तीन ओवर लगे कि अच्छा स्कोर क्या होगा।'' उन्होंने कहा, ''ड्रेसिंग रूम में हमें पता था कि अगर एक भी बल्लेबाज चल गया तो हम 140–150 रन के आसपास पहुंच जाएंगे। विकेट भी (अलग तरह से) व्यवहार कर रहा था।'' इस स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने कहा, ''हम हैरान थे क्योंकि हमें लगा था कि यह एक सपाट विकेट है जो आम तौर पर मुंबई में होता है।'' अक्षर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में थोड़ा दबाव महसूस हुआ क्योंकि बल्लेबाजी क्रम ढह गया और वह भी टी20 विश्व कप के पहले मैच में। उन्होंने कहा, ''बेशक आप इसे (दबाव को) महसूस करते हैं। क्रिकेट ऐसा ही है (लेकिन फिर) यह अच्छा है कि यह पहले मैच में हुआ।'' अक्ष्ज्ञर ने कहा, ''विकेट की प्रकृति को समझना महत्वपूर्ण है और जिस तरह का क्रिकेट हम खेल रहे हैं, हम शॉट को ठीक से नहीं खेल पाए। अगर ऐसा दोबारा होता है तो हमारे पास इसे 160–170 रन तक ले जाने का अनुभव होगा।

# भारत और पाकिस्तान महा–मुकाबले पर सस्पेंसः पाकिस्तान को मनाने लाहौर पहुँचे बीसीबी अध्यक्ष, क्या टलेगा बहिष्कार का संकट?

टी20 विश्व कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले महा–मुकाबले (15 फरवरी) को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इस बीच, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीन–उल–इस्लाम रविवार को लाहौर पहुँचे हैं। उनकी यह यात्रा आईसीसी और पीसीबी के बीच होने वाली उस महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक से ठीक पहले हो रही है, जिसका उद्देश्य भारत के खिलाफ पाकिस्तान के प्रस्तावित बहिष्कार को रोकना है।

पाकिस्तान का एकजुटता दांव और आईसीसी का रुख

पाकिस्तान ने हाल ही में बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए भारत के खिलाफ अपने मैच के बहिष्कार की घोषणा की थी। दरअसल, बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत जाने से इनकार कर



दिया था, जिसके बाद आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाकर स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। पूर्व टेस्ट क्रिकेटर अमीन–उल–इस्लाम ने लाहौर में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी से मुलाकात की है।

माना जा रहा है कि आईसीसी अब अमीन के जरिए पाकिस्तान को अपना फैसला बदलने के लिए मनाने की कोशिश कर रही है। श्रीलंका क्रिकेट ने भी पीसीबी को ईमेल भेजकर बहिष्कार खत्म करने का आग्रह किया है। एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने नकवी को याद दिलाया कि भारत–पाक मैच न होने से मेजबान श्रीलंका को भारी राजस्व का नुकसान होगा।

नकवी ने भारत मैच के बहिष्कार के सरकार के निर्देशों पर ज्यादा टिप्पणी नहीं की है लेकिन एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) द्वारा पीसीबी को एक ईमेल भेजने के बाद स्थिति बदल गई है। इस ईमेल में उनसे बहिष्कार खत्म करने का आग्रह किया गया है। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता भी एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से मिलने कोलंबो गए हैं जिन्होंने नकवी को विश्व कप में भारत के खिलाफ मैच खेलने के लिए ईमेल भेजा था। आईसीसी पहले ही पाकिस्तान से स्पष्टीकरण मांग चुका है कि 'फोर्स मेज्योर' (अपरिहार्य कारणों से अनुबंध की शर्तें पूरी नहीं कर पाना) नियम का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है। पाकिस्तान इस नियम के जरिए टीम के भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने से इनकार को सही ठहराना चाहता था क्योंकि पीसीबी ने अपनी सरकार पर जिम्मेदारी डालकर स्थिति से बचने की कोशिश की थी।


लेकिन अब उम्मीद की एक किरण दिख रही है क्योंकि पीसीबी ने आईसीसी से बातचीत के लिए संपर्क किया है। आईसीसी के एक निदेशक ने यह जानकारी दी जिन्हें लगता है कि यह बड़ा मुकाबला आखिरकार होगा। आईसीसी वर्तमान में बोर्ड के साथ एक व्यवस्थित तरीके से संभावित समाधान खोजने के लिए बातचीत कर रहा है, इस विचार के साथ कि खेल का हित एकतरफा कार्रवाई से ऊपर होना चाहिए। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया था। बांग्लादेश ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए विश्व कप मुकाबलों के लिए भारत जाने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उनकी जगह स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में शामिल किया गया।

# गुरु–चेले का स्वैग! टॉस सूर्या का, फैसला रोहित शर्मा का– सोशल मीडिया पर वायरल हुई मजेदार बातचीत

आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के उद्घाटन मुकाबले में केवल क्रिकेट का रोमांच ही नहीं, बल्कि मैदान के बाहर के कुछ अनमोल पलों ने भी प्रशंसकों का दिल जीत लिया। वानखेड़े स्टेडियम में भारत और अमेरिका के बीच मुकाबले से पहले और मैच के दौरान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और मुकेश अंबानी के बीच हुई बातचीत सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बनी हुई है।

**ICC T20** वर्ल्ड कप 2026 में **IND vs USA** मैच के टॉस से ठीक पहले वानखेड़े स्टेडियम में एक हल्का–फुल्का और दिल को छू लेने वाला पल देखने को मिला, जिसने सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा के बीच मजबूत रिश्ते को दिखाया। जब टीमें टॉस के लिए इकट्ठा हुईं, तो भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव रोहित शर्मा की ओर दौड़ते हुए दिखे, और उनसे सलाह लेने लगे कि अगर भारत टॉस जीतता है तो क्या फैसला लेना चाहिए। मुस्कुराते हुए और जल्दबाजी में यादव ने रोहित से पूछा, ष्जल्दी बोलो बैटिंग करूं या बॉलिंग?ष

रोहित शर्मा, जो मजाक का कोई मौका नहीं छोड़ते, उन्होंने अपने जाने–माने अंदाज में जवाब दिया, फील्डिंग कर, पागल है क्या, जिससे उनके आस–पास मौजूद लोग हंसने लगे। कैमरे में कैद यह मजेदार बातचीत तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, और फैंस ने मौजूदा कप्तान और पिछले एडिशन में भारत को T20 वर्ल्ड कप जिताने वाले खिलाड़ी के बीच इस सीधी–सादी बातचीत का खूब आनंद लिया। इस पल का महत्व और भी बढ़ गया क्योंकि मुंबई के अपने क्रिकेट आइकन रोहित शर्मा प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में सिर्फ दर्शक के तौर पर नहीं,



बल्कि ICC एंबेसडर के तौर पर मौजूद थे। रोहित को मैच से पहले T20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी को मैदान पर लाने का सम्मान मिला, जिससे खचाखच भरे स्टैंड्स से जोरदार तालियां बजीं। पिछले एडिशन के विजेता कप्तान के तौर पर उनकी मौजूदगी ने भारत के वर्ल्ड कप अभियान में भावनात्मक महत्व और निरंतरता की भावना जोड़ी। ऐसे ऑफ–फील्ड पलों ने मैच में और भी चार चांद लगा दिए, जिससे फैंस को याद दिलाया कि रणनीति और नतीजों से परे, क्रिकेट रिश्तों, हास्य और साझा इतिहास के बारे में भी है। जैसे ही भारत ने ै। के खिलाफ एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की, सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा के बीच टॉस से पहले की यह बातचीत वानखेड़े में उस शाम की सबसे ज्यादा चर्चित हाइलाइट्स में से एक बनी रही।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच **ICC** मेन्स **T20** वर्ल्ड कप 2026 के मैच के दौरान, मैदान के बाहर एक हल्के–फुल्के और अप्रत्याशित पल ने सुर्खियां बटोरीं, जब पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को मुकेश अंबानी ने खाना और चाय ऑफर की।

यह घटना स्टैंड्स में हुई, जब रोहित, जो **ICC** एंबेसडर और जाने–माने पूर्व कप्तान के तौर पर मौजूद थे, भारत के पहले मैच से पहले खास मेहमानों से मिल रहे थे। वीडियो क्लिप, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई, उसमें मुकेश अंबानी रोहित को गर्मजोशी से खाना और स्नैक्स देते हुए दिखे, जिस पर रोहित ने विनम्रता से उन्हें धन्यवाद दिया, लेकिन रिफ्रेशमेंट्स लेने से मना कर दिया। ऑनलाइन फैंस ने इस सादे लेकिन यादगार पल पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। कुछ लोगों ने रोहित की विनम्रता और फिटनेस पर ध्यान देने की तारीफ की, और कहा कि उनका मना करना मैदान के बाहर भी उनके अनुशासित रूटीन के मुताबिक था। इस मजेदार पल ने दिन की कार्यवाही में एक प्यारा मानवीय स्पर्श जोड़ा, जो तब हुआ जब भारत ने शुरुआती बल्लेबाजी की लड़खड़ाहट से उबरकर सूर्यकुमार यादव की नाबाद 84 रनों की पारी की बदौलत 161/9 का स्कोर बनाया, और फिर **USA** को 132/8 पर रोककर 29 रनों से जीत हासिल की।

क्रिकेट एक्शन और धूमधाम से भरे इस इवेंट में, रोहित और मुकेश अंबानी के बीच यह छोटा सा पल एक यादगार लम्हा बन गया, जिसने फैंस को याद दिलाया कि कभी–कभी पिच से दूर छोटे, सच्चे पल भी मैदान पर परफॉर्मेंस की तरह ही लोगों का ध्यान खींचते हैं।

# अपनी ही कोम के खून से खेल रहा इस्लामिक स्टेट, इस्लामाबाद को धमाकों से दहलाने की ली जिम्मेदारी

पाकिस्तान की सेना ने कहा



है कि उसने शुक्रवार को इस्लामाबाद मस्जिद में हुए जानलेवा बम धमाके में हमलावर की मदद करने वाले चार मददगारों को गिरफ्तार किया है। सीमा पार हमलों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अधिकारी सुरक्षा अभियान तेज कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को राजधानी में हजारों लोग हमले के पीड़ितों को दफनाने के लिए इकट्ठा हुए। इस हमले में कम से कम 32 नमाजियों की मौत हो गई और 170 अन्य घायल हो गए। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के क्षेत्रीय सहयोगी संगठन 'इस्लामिक स्टेट इन पाकिस्तान' ने शनिवार को इस्लामाबाद में एक शिया मस्जिद में हुये भयावह विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। इस बीच, विस्फोट के एक साजिशकर्ता समेत चार लोगों को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से गिरफ्तार किया गया है। पेशावर के रहने वाले 32 वर्षीय आत्मघाती हमलावर यासिर ने शुक्रवार को इस्लामाबाद के उपनगर तारली स्थित शिया मस्जिद में घुसकर आत्मघाती विस्फोट किया।

घटना के समय लोग वहां नमाज अदा कर रहे थे। शुरुआत में 31 लोगों की मौत हुई और 169 घायल हुए, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि अस्पतालों में कुछ गंभीर रूप से घायल लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। इस्लामिक स्टेट अथवा दाएश की एक शाखा, 'इस्लामिक स्टेट इन पाकिस्तान' ने अपनी अमाक न्यूज एजेंसी पर एक बयान में इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि जब सुरक्षा गार्ड ने उसे गेट पर रोकने की कोशिश की तो हमलावर ने उन पर गोली चलाई और मस्जिद के अंदर नमाजियों के निकट विस्फोट कर दिया। इस बीच, पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने हमले के मुख्य साजिशकर्ता समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां खुफिया जानकारी के आधार पर खैबर पख्तूनख्वा से की गयी है। सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने कहा कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ किया जा रहा है, क्योंकि यह स्पष्ट हो गया है कि आत्मघाती हमलावर अफगानिस्तान जाता था और वहां से प्रशिक्षण प्राप्त करता था।

# स्पेन का दौरा रद्द, मोहम्मद सिराज को मिला टी20 विश्व कप का टिकट, बोले– अल्लाह ने जो लिखा...

मोहम्मद सिराज अपनी पसंदीदा फुटबॉल टीम रीयाल मैड्रिड को रीयाल सोसीदाद के खिलाफ खेलते हुए देखने के लिए दुनिया के दूसरी हिस्से में जाने की तैयारी कर रहे थे कि तभी उन्हें कप्तान सूर्यकुमार यादव का फोन आया। चोटिल हर्षित राणा के टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद सूर्यकुमार ने भारतीय टीम के भरोसेमंद तेज गेंदबाज सिराज को टीम में शामिल किया।

जसप्रीत बुमराह के बीमार होने के कारण सिराज को एकादश में शामिल किया गया और उन्होंने वही किया जो वह हमेशा करते हैं– हर गेंद पर अपना पूरा जोर लगाया। इस ईमानदार कोशिश के लिए उन्हें तीन विकेट मिले जिससे भारत ने जोश से भरी अमेरिका की टीम को हराने में सफलता हासिल की। शनिवार को टी20 विश्व कप के पहले मैच में भारत की 29 रन की जीत में सबसे सफल गेंदबाज बनकर खुश सिराज ने अपनी वापसी की कहानी सुनाते हुए कहा, ''दो दिन पहले सूर्या (सूर्यकुमार) ने कहा 'मियां बैग पैक कर और आ जा (मुंबई)। मैंने उनसे कहा 'भाई मजाक मत करो क्योंकि यह तो होने वाला नहीं है'। लेकिन उन्होंने कहा 'मैं सच कह रहा हूं, तैयार हो जा'।'' उन्होंने कहा, ''फिर (भारत के चयनकर्ता प्रज्ञान) ओझा भाई



ने मुझे फोन किया... अल्लाह ने जो लिखा है उसे कोई नहीं बदल सकता।''

जब उनसे पूछा गया कि हैदराबाद के लिए कुछ रणजी ट्रॉफी मैच खेलने के बाद उन्होंने फरवरी में ब्रेक के लिए क्या योजना बनाई थी तो सिराज ने कहा, ''15 तारीख को रीयाल मैड्रिड का मैच है और मैं उसे देखने जा रहा था और उसके बाद रमजान है लेकिन अल्लाह ने जो लिखा है...।'' दरअसल जब टीम के स्ट्रैंथ एवं अनुकूलन कोच एड्रियन ले रॉक्स ने उन्हें मैसेज करके पूछा था कि 'क्या योजना है' तो सिराज ने जवाब दिया था, ''अभी मुझे मैसेज मत करो क्योंकि मैंने चार दिवसीय दो मैच खेले हैं और मुझे आराम चाहिए। इसके बाद देखूंगा कि क्या योजना है।'' सिराज को फोन आने की उम्मीद नहीं थी क्योंकि वह टूर्नामेंट के लिए भारत की योजनाओं का हिस्सा नहीं थे। यह तेज गेंदबाज बारबडोस में 2024 में टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा था। सिराज ने कहा, ''जब मैं विमान में था तो ऐसा लग रहा था जैसे मैं सपना देख रहा हूं क्योंकि मैंने विश्व कप में खेलने के बारे में सोचा ही नहीं था।'' उन्होंने कहा, ''पिछले एक साल से योजना बनाई जा रही थी। जो लोग इसमें खेलने वाले थे उन्हें मौके मिल रहे थे और क्योंकि मैंने टी20 अंतरराष्ट्रीय नहीं खेले थे इसलिए मुझे समझ आ गया था कि मैं इसका हिस्सा नहीं बनूंगा।

# दुनिया हुई हैरान, पांच महीने होगा और नरसंहार! जून की डेडलाइन, युद्धविराम पर वलोडिमिर जेलेंस्की का खुलासा

रूस और यूक्रेन के बीच पिछले दो साल से अधिक समय से चल रहा भीषण युद्ध अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुँचता दिख रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा है कि अमेरिका ने इस रक्तपात को रोकने के लिए श्जून की डेडलाइनश तय कर दी है। यह खुलासा ऐसे समय में आया है जब रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों और न्यूक्लियर पावर प्लांट्स पर हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस और यूक्रेन दोनों को संघर्ष खत्म करने के लिए जून की डेडलाइन दी है। उन्होंने कहा कि अगर जून तक कोई सहमति नहीं बनती है तो वाशिंगटन दोनों पक्षों पर दबाव डालेगा। यह यूक्रेन के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर रूस के लगातार हमलों के बीच हुआ, जिससे न्यूक्लियर पावर प्लांट को बिजली की सप्लाई कम करनी पड़ी। जेलेंस्की ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ष्अमेरिकी प्रस्ताव दे रहे हैं कि दोनों पक्ष इस गर्मी की शुरुआत तक युद्ध खत्म कर दें और शायद वे इसी शेड्यूल के अनुसार दोनों पक्षों पर दबाव डालेंगे।ष जेलेंस्की ने यह भी कहा कि त्रिपक्षीय बातचीत का अगला दौर अमेरिका के मियामी में होने की संभावना है, और इसमें यूक्रेन हिस्सा लेगा। उन्होंने आगे कहा, ष्हमने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।ष

ऊर्जा ठिकानों पर हमलाः ष्दुनिया ने ऐसा कभी नहीं देखाः शांति वार्ता की खबरों के बीच



जमीनी हकीकत भयावह है। जेलेंस्की ने रूस पर श्ऊर्जा आतंकवादश का आरोप लगाया है।

न्यूक्लियर प्लांट पर खतराः रूस ने यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को बिजली सप्लाई करने वाले महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है।

ब्लैकआउट का संकटः इन हमलों के कारण एक परमाणु इकाई तकनीकी रूप से बंद हो गई है, जिससे पूरे देश में बिजली और हीटिंग का संकट खड़ा हो गया है।

वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा– ष्रूस को यह महसूस कराना होगा कि दुनिया की प्रतिक्रिया उसके हमलों से कहीं अधिक शक्तिशाली है। उन्हें केवल युद्ध नहीं, बल्कि नतीजों वाली बातचीत की मेज पर आना होगा।ष

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने शनिवार को कीव में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार निशाना बनाने के लिए रूस की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मॉस्को की आक्रामकता चल रहे शांति प्रयासों को प्रभावित कर रही है।

जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट किया, कल रात, रूसियों ने यूक्रेन के न्यूक्लियर पावर प्लांट के संचालन के लिए महत्वपूर्ण सुविधाओं पर हमला किया। आज, यूक्रेन के छच्चे में यूनिट्स ने बिजली उत्पादन कम कर दिया, और एक यूनिट अपने आप बंद हो गई। यह उस स्तर का हमला है जिसकी हिम्मत दुनिया के किसी भी आतंकवादी ने कभी नहीं की, और रूस को दुनिया की प्रतिक्रिया महसूस करनी चाहिए। रूस को यह दिखाना होगा कि न केवल ऐसे हमले और युद्ध उसके लिए मायने रखते हैं, बल्कि चल रही बातचीत भी मायने रखती है जिससे नतीजे मिलने चाहिए।ष

अबू धाबी में त्रिपक्षीय बातचीत का दूसरा दौर संपन्नः रूस और यूक्रेन के बीच अमेरिका की मध्यस्थता वाली बातचीत का दूसरा दौर गुरुवार को अबू धाबी में संपन्न हुआ। जेलेंस्की ने कहा कि वार्ताकारों ने इस बात पर चर्चा की कि युद्धविराम की तकनीकी रूप से निगरानी कैसे की जाएगी और अमेरिका ने इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का वादा किया।

रूस यूक्रेन के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना जारी रखे हुए हैः पिछले कुछ महीनों में, रूस ने महत्वपूर्ण एनर्जी सुविधाओं को बार–बार निशाना बनाकर यूक्रेन के खिलाफ अपने हवाई हमलों को तेज कर दिया है। इन हमलों ने पावर ग्रिड के बड़े हिस्सों को नष्ट कर दिया है, जिससे घरों में अंधेरा छा गया है और सर्दियों के तापमान के कारण हीटिंग और पानी की सप्लाई बाधित हो गई है। जेलेंस्की ने कहा कि वाशिंगटन ने एक बार फिर युद्धविराम का विचार पेश किया है जो एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों को प्रतिबंधित करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन इस तरह की व्यवस्था का पालन करने को तैयार है, बशर्ते रूस भी ऐसा ही करे।

## कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए लिया संकल्प

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के नेतृत्व में जनपद में विकसित भारत अभियान के अंतर्गत कुष्ठ रोग उन्मूलन को लेकर व्यापक जागरूकता एवं संकल्प कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं , जिसके क्रम में उन्होंने जनपद वासियों को संकल्प दिलाते हुए कहा है कि जनपद के लोग और जिला प्रशासन "विकसित भारत अभियान" के अवसर पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोडेगें। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर संम्भव प्रयास करेगें। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेगें। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेगें और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देगें। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुडे कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देगें। इसके साथ ही प्रतिज्ञा दिलायी कि हम सभी कलंक एवं भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता के लिये "भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करेंगे।

## हर्ष मिश्रा ने पास किया यूजीसी नेट जेआरएफ

बाराबंकी। मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम एक बार फिर सामने आया है। कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गदिया निवासी हर्ष मिश्रा ने इतिहास विषय में यूजीसी नेट (जेआरएफ) की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जनपद का मान बढ़ाया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल व्याप्त है। यूजीसी नेट जेआरएफ जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक माना जाता है। हर्ष मिश्रा की इस उपलब्धि से जिले के अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। हर्ष के पिता अनिल मिश्रा सहित पूरे परिवार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है और बधाइयों का तांता लगा हुआ है। अपनी सफलता पर हर्ष मिश्रा ने विनम्रता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय अपने गुरुजनों, शिक्षकों एवं परिवार के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर अध्ययन, सही दिशा में मेहनत और शिक्षकों का सहयोग ही इस उपलब्धि की कुंजी है। हर्ष मिश्रा की इस सफलता पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## कटरा बाजार में धड़ल्ले से चल रहा अवैध मिट्टी खनन, पुलिस-खनन विभाग की चुप्पी से माफिया बेखौफ

गोण्डा। शासन-प्रशासन के सख्त आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए गोण्डा जिले के थाना कटरा बाजार क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का धंधा दिन-रात खुलेआम फल-फूल रहा है। लालपुर रोड से जुड़े इलाकों में दोपहर 12 बजे से लेकर रात तक लगातार खनन जारी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। सूत्रों के मुताबिक, खनन माफिया बिना किसी भय के सड़कों पर मिट्टी से लदी भारी ट्रालियां फर्राटे भरते हुए दौड़ा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ पुलिस और खनन विभाग की जानकारी में होने के बावजूद जानबूझकर अनदेखी की जा रही है, जिससे माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए हैं। अवैध खनन पर रोक लगाने के शासन के आदेश इस क्षेत्र में हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। न तो कोई कार्रवाई हो रही है और न ही जांच के नाम पर कोई पहल, जिससे साफ संकेत मिल रहा है कि खनन माफियाओं को कहीं न कहीं संरक्षण प्राप्त है। इस पूरे मामले से जुड़ी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जो आमजन के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं। वायरल दृश्य जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

## बड़े ही धूमधाम से आयोजित हुआ सालाना फातिहा, कव्वालों ने मोहा मन

गोण्डा। हर साल की तरह इस साल भी रात्रि मोहम्मद जकीउल्लाह शाह डॉक्टर मोहम्मद सलमान के आवास ग्राम जहाँगीरवा के मजरा लोहारनपुरवा में हजरत कफीलुल्लाह शाह बड़े बाबा जी रहमतुल्लाह अलैह का सालाना फातिहा बड़े ही धूम धाम सेध मनाया गया। जहाँ नये पुरवा से देर शाम हजरत कफीलुल्लाह शाह रहमतुल्लाह अलैह के नाम का गागर उठाया गया जो कि डॉक्टर सलमान के घर पर लाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनवारुल हक शाह पप्पू मियाँ सज्जादा नशीन दरगाह बाबा शहीद मर्द रहमतुल्लाह अलैह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महफिले मीलाद से किया गया। मध्य रात्रि से सूफियाना कव्वाली का दौर शुरू हुआ जहां कव्वालों ने पूरी रात्रि कव्वाली सुनाकर लोगों का खूब मन मोहा। इस मौके पर हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल भी देखने को मिली। कार्यक्रम में मुहम्मद फाखिर, गुड्डू मियाँ, शानू मियाँ, गुलजार मियाँ, जमील अहमद, जाहिद हुसैन उर्फ मुल्ला प्रधान, गुल मुहम्मद, संतराम विश्वकर्मा, अजीज अहमद, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## रमेश पाडेय के निधन पर कांग्रेसजनों का शोक

प्रयागराज। जनपद के कांग्रेसजनों ने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मंडल विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष रमेश पांडेय के निधन पर गहरा दुख जताया है।इस बावत शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की शोक सभा अध्यक्ष फुजैल हाशमी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय जवाहर स्क्वायर पर अपराह्न हुई। जिसमें पांडेय को पार्टी का समर्पित नेता बताते कहा गया कि वह कांग्रेस विचारधारा के सच्चे हितैषी थे। सदैव पार्टी की मजबूती के लिए मुखर रहे। पार्टीजनों ने संगठन के प्रति उनके योगदान पर व्यापक प्रकाश डाला। इस मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान यूपी कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, कोऑर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी, जियाउबैद, मानस शुक्ला, परवेज सिद्दीकी,नयन कुशवाहा, अनूप त्रिपाठी, अफरोज अहमद, प्रदीप द्विवेदी, शाहनवाज कुरैशी, राकेश श्रीवास्तव, इश्तियाक अहमद, सुष्मिता यादव, मो. हसीन, प्रतिमा त्रिपाठी, अहमद उल्ला, राकेश पटेल , रिजवाना बेगम, कामेश्वर सोनकर, नसरीन बानो, मो. जावेद, अजय श्रीवास्तव, मो. नसीम, सतीश श्रीवास्तव, केशव पासी, सुशील मिश्रा आदि ने दुख जताया है।

# वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोष के साथ निकली शतचंडी महायज्ञ की भव्य कलश शोभा यात्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज/परतावल।नगर पंचायत परतावल के वार्ड संख्या दो, बल्लभ नगर तिवारी टोला स्थित ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध कोट धाम दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को श्री श्री 108 शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ परंपरागत वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ अत्यंत भव्य रूप में हुआ।







विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महायज्ञ का आयोजन पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रवीण .ष्ण त्रिपाठी के नेतृत्व में श्रद्धा, भक्ति और सनातन आस्था के साथ किया जा रहा है।महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ यज्ञाचार्य पंडित श्यामसुंदर पाठक के साथ वैदिक विद्वानों में दुर्गेश शुक्ल, सत्यम दास, अमन पाण्डेय, सत्यानंद चतुर्वेदी, आयुष मिश्रा, आदर्श पाण्डेय, गोलू पाठक एवं शत्रुधन दुबे के सान्निध्य में संपन्न कराया गया। यज्ञ में यजमान के रूप में प्रमोद .ष्ण त्रिपाठी, रतन कुमार पाण्डेय, डॉ. शशिविंद मिश्रा, बलवंत पाण्डेय, मुंजेश शुक्ला एवं महेंद्र सैनी अपनी-अपनी धर्मपत्नी के साथ सम्मिलित होकर आहुति प्रदान की।महायज्ञ के प्रथम दिन नगर क्षेत्र की 5100 कन्याओं सहित लगभग दस हजार महिलाओं एवं पुरुषों ने भव्य कलश शोभा यात्रा में सहभागिता कर धार्मिक उत्साह का परिचय दिया। सिर पर कलश धारण किए महिलाएं एवं कन्याएं पूरे नगर में भ्रमण करती रहीं। शोभा यात्रा में श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकी, ढोल-नगाड़ों की गूंज, भांगड़ा नृत्य और पारंपरिक वाद्य यंत्रों ने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।"जय श्रीराम" के गगनभेदी जयघोष से पूरा परतावल नगर गुंजायमान हो उठा और हर ओर सनातन संस्.ति की भव्य झलक देखने को मिली।

## चलता-फिरता प्रयाग' के रूप में विख्यात है कोट धाम

मान्यता के अनुसार वार्ड संख्या 02 बल्लभ नगर तिवारी टोला में स्थापित कोट की भगवती का यह पावन स्थल संवत् 1984 में प्रारंभ होकर संवत् 1988 में पूर्ण हुआ था। कोट धाम दुर्गा मंदिर का निर्माण गुंजेश्वर .ष्ण त्रिपाठी एवं महादेव .ष्ण त्रिपाठी द्वारा धर्म उत्थान एवं नगर कल्याण की भावना से कराया गया था। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला शतचंडी महायज्ञ श्रद्धालुओं के बीच "चलता-फिरता प्रयाग" के रूप में विशेष मान्यता रखता है।कलश यात्रा कोट धाम दुर्गा मंदिर तिवारी टोला से प्रारंभ होकर परतावल कस्बा, बाजार एवं चौराहा होते हुए हड्डी माता मंदिर परिसर पहुंची, जहां छतीराम बड़ी नहर में विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन कर कलश भराई कराई गई। इसके उपरांत शोभा यात्रा पुनः परतावल बाजार होते हुए मंदिर परिसर में संपन्न हुई।शतचंडी महायज्ञ के दौरान प्रख्यात प्रवचनकर्ता डॉ.रजनीकांत द्विवेदी के श्रीमुख से प्रतिदिन संगीतमय प्रवचन एवं कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अमृत की अनुभूति होगी।कलश यात्रा के दौरान क्षेत्राधिकारी जय प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा, जो पूरे आयोजन पर पैनी नजर बनाए रहा।इस अवसर पर संतोष .ष्ण त्रिपाठी, प्रदीप .ष्ण त्रिपाठी, महेंद्र .ष्ण त्रिपाठी, प्रज्ञेश .ष्ण त्रिपाठी, उत्सव .ष्ण त्रिपाठी, अमन शांडिल्य,हिंदू नेता काशीनाथ सिंह, ब्लॉक प्रमुख आनंद शंकर वर्मा, दीपु रावत, सिद्धान्त पाण्डेय, अमन पाण्डेय, सचिन रावत, नित्यानंद कुशवाहा, गोरख यादव, राम दवन, मुन्ना पाण्डेय, अशोक रावत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।महायज्ञ के आयोजन से पूरे परतावल नगर क्षेत्र में धार्मिक, सांस्.तिक एवं आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त है, जिससे क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह, आस्था और सनातन चेतना का संचार स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है।

## वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम,छात्र- छात्राओं का हुआ विदाई समारोह

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। जनपद के परसपुर नगर स्थित जगन्नाथ प्रसाद राममनोहर तिवारी इण्टर कॉलेज में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अजय सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान पूजा गुप्ता,आंचल कश्यप,अंजली सिंह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विधायक अजय सिंह ने कहा कि स्कूल वह जगह मानी जाती है जहाँ से बच्चे शिक्षा अध्ययन के साथ-साथ संस्कारवान बनते हैं। विधायक ने संस्कारवान बच्चों को ही देश का भविष्य बताते हुए उन्हें समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बनने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में आगामी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए बिना किसी तनाव के परीक्षा में शामिल होने की सीख दी।इस अवसर पर अंशिका सिंह, कविता, नीलम, स्वाति सहित अन्य नन्हे-मुन्ने





बच्चों ने सरस्वती वंदना,देशभक्ति गीतों और नाटकों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। तदुपरांत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को फूलमाला पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ विद्यालय से विदाई दी गई।वहीं अवधी हास्य कलाकार रमेश दुबे "रमेशवा" ने बहरा चाची, निहोरन चाची, कनऊ लाल झिनकन आदि का शानदार हास्य अभिनय किया। उन्होंने बॉलीवुड कलाकारों की मिमिक्री के साथ-साथ अवधी हास्य कविताओं."सुंदर नोइया सुंदर दान सुंदर पूत देय भगवान","पशु चारा बिना सुखाय गये बछिया बछवा दुबराय गये","बतकही मा अस बौराय गये वे बिगड़ब बनब भुलाय गये नाहकै मा समय बेकार हुवय ई गोंडा जिला हमार हुवय" का मनमोहक पाठ किया। इस अवसर पर प्रबंधक राम मनोहर तिवारी, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र बहादुर सिंह, पप्पू तिवारी, विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष बंश बहादुर सिंह, राम सुंदर पांडेय व शिक्षक मयंक तिवारी, केबी सिंह, राजेश सैनी, ललित दूबे, शिवप्रताप सिंह,राजेश अवस्थी, अंशिका तिवारी, रंजना सिंह, विद्यावती पाण्डेय, मोहिनी सिंह, स्वाती सिंह, प्रिया पाण्डेय, सोनम राजपूत समेत काफी संख्या में अभिभावकगण व छात्र छात्राएं शामिल रहीं ।

## स्वास्थ्य मेला में शामिल हुए एसकेएस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सक व छात्र

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के अंतर्गत श्रावस्ती में विशाल स्वास्थ्य मेला में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का






आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अपर्णा यादव (उपाध्यक्ष, राज्य महिला आयोग, उ०प्र०), अध्यक्ष महारानी साहिबा भिनगा स्टेट, एवं विशिष्ट अतिथिगण के संरक्षण में कार्यक्रम संचालित हुआ । जिसमें डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चिकित्सक डा. उमेश नरायण मिश्रा, फार्मासिस्ट गुरु प्रसाद शुक्ला समेत बीएएमएस के प्रथम वर्ष के छात्र अभिषेक विश्वकर्मा, सतनाम सिंह, अर्षित सोनकर, राजू कुमार, अर्शन अकबर ने सेवाएं दी। जिसमें विशाल स्वास्थ्य मेला की ओर सभी को अंगवस्त्र व प्रमाण देकर सम्मानित किया गया।

## गैंगस्टर एक्ट में पकड़े गये अभियुक्तों की अवैध सम्पति कुर्क

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के एसपी विनीत जायसवाल द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाने तथा संगठित अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के आर्थिक स्रोतों को ध्वस्त करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बड़ी कार्यवाही की गयी है जनपद मे धोखाधड़ी,मारपीट,धमकी तथा चल/अचल संपत्तियों के संबंध में जालसाजी कर अवैध धन अर्जित करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को जब्त/कुर्क किया गया।जिसकी जानकारी देते हुए बताया कि उक्त गिरोह का सरगना मो. खलील पुत्र अब्दुल हाजी नजीर तथा गैंग सदस्य चांद बाबू उर्फ



तौफीक पुत्र मो. खलील निवासीगण पटेल नगर मालवीयनगर, थाना कोतवाली नगर,जनपद गोण्डा हैं,जो आपराधिक गतिविधियों के माध्यम से धन अर्जित कर उसे विभिन्न बैंक खातों में छिपाकर रखते थे,जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों की निगरानी से बचा जा सके।अभियुक्त गण के विरुद्ध उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर अवैध अर्जित संपत्ति के संबंध में रिपोर्ट तैयार कर सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित की गयी थी। जिलाधिकारी,गोण्डा द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण में राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी जब्तीकरण/कुर्की की कार्यवाही संपन्न की गयी।इस दौरान अभियुक्तगण के भिन्न-भिन्न बैंक खातों में जमा कुल ध52,42,632.49 (बावन लाख बयालीस हजार छह सौ बत्तीस रुपये उन्चास पैसे) की धनराशि को विधिक प्रक्रिया के तहत सीज/कुर्क कराया गया।गोण्डा पुलिस की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया है कि संगठित अपराध कर अवैध संपत्ति अर्जित करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा तथा उनके आर्थिक तंत्र को विधिक प्रावधानों के तहत ध्वस्त किया जाएगा। इस प्रकार की कार्यवाही से अपराधियों में भय व्याप्त है तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सु.ढ़ हुई है। जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा गैंगस्टरों एवं समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध उनके आपराधिक .त्यों से अर्जित अवैध संपत्तियों के चिन्हीकरण, कुर्की एवं जब्तीकरण की कार्रवाई आगे भी निरंतर, कठोर एवं प्रभावी रूप से जारी रहेगी।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात शमशेर बहादुर सिंह,उ0नि0 शैलेन्द्र यादव,कां0 जागेश्वर प्रसाद,कां0 संजय कुमार मौजूद रहे।

## श्रमजीवी के अध्यक्ष पांचवीं बार निर्विरोध बने संजय मिश्र

### डीएम बोले - खबरें निगेटिव नहीं, कमियों को दूर करना का मिलता है मौका

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। शहर के एलआरपी कालोनी में श्रमजीवी संगठन की वार्षिक बैठक रविवार को आयोजित हुई। मुख्य अतिथि डीएम






अक्षय त्रिपाठी रहे। डीएम की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक में मौजूद लोगों की सहमति से संजय मिश्रा को पांचवी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। डीएम समेत अन्य पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी।डीएम ने कहा कि व्यस्तता के बावजूद भी ऐसे कार्यक्रम को हम छोड़ना नहीं चाहते है। उन्होने कहा कि अक्सर लोग कहते है कि आज अखबार व चौनल में निगेटिव खबरें चल रही है, मेरा मानना है कि खबरें निगेटिव नहीं होती है। हमें पत्रकार के माध्यम से कमियों को दूर करने का मौका मिलता है। हम उन कमियों को भी पत्रकार के माध्यम से जान पाते है, जिन्हें सही समय पर कार्य करने की जरुरत होती है। डीएम ने सभी नई कार्यकारिणी के लिए सभी को बधाई दिया। अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

## थारू जनजाति के छात्रों की मेडिकल पढ़ाई और इलाज मुत-ओ एन पाडेय

### गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ सेवा यात्रा के समापन कार्यक्रम,मेगा शिविर कैंप,

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ सेवा यात्रा 6 के समापन कार्यक्रम और वृहद चिकित्सा शिविर में पहुंचे एस एम पी एम के निदेशक डॉ ओ एन पांडेय ने घोषणा किया कि उनके मेडिकल कालेज में थारू जनजाति के छात्रों की मेडिकल पढ़ाई और इलाज मुत में किया जाएगा। गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ सेवा यात्रा के मेगा कैंप समापन में मुख्य वक्ता डॉक्टर एम एल बी भट्ट ने कहा कि एन




एम ओ द्वारा आयोजित यह यात्रा वर्ष में एक बार कार्य करके नही चली जाती बल्कि जनजातियों के बीच भोजन करके सामाजिक सद्भाव की भावना पैदा किया जाता है। एस सी पी एम मेडिकल कालेज के डॉक्टरों ने एक अनूठा पहल किया यात्रा शिविर में अपनी सेवा भी दिया और दवाई भी मुत में दिया।आठ प्रदेशों से आए डॉक्टरों ने बलरामपुर जनपद में सेवा दी है,अयोध्या मेडिकल कॉलेज, एस सी पी एम मेडिकल कॉलेज, के जी एम सी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने अपनी सेवा दी है। यात्रा समापन के मुख्य अतिथि देवी पाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी,नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह,यात्रा के संयोजक राम .पाल ,अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, यात्रा के जिला सचिव डॉक्टर विकल्प,प्रांत संपर्क प्रमुख,गंगा सिंह,विभाग संघ चालक सौम्य अग्रवाल, विभाग प्रचारक प्रवीण,जिला प्रचारक जितेंद्र ,भाजपा गैसड़ी विधानसभा के दावेदार रामसरन गुप्ता,शेरेवाली शुक्ला,अंजली मिश्रा सहित एन एम ओ के कार्यकर्ता और स्वयं सेवक मौजूद रहे।

# सिसवा में भीषण सड़क हादसा : 18 चक्के के ट्रक की टक्कर से पिता–पुत्र की दर्दनाक मौत

## .बौरहवा बाबा मंदिर के पास हुआ हादसा, क्षेत्र में शोक की लहर

दैनिक बुद्ध का संदेश
महराजगंज/सिसवा




बाजार।सिसवा–घुघुली मार्ग पर बौरहवा बाबा मंदिर के समीप रविवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे सिसवा क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। कोठीभार थाना क्षेत्र में तेज रतार 18 चक्के वाले ट्रक और मोटरसाइकिल की आमने–सामने हुई जोरदार टक्कर में पिता–पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पालिका परिषद सिसवा के अमरपुरवा मोहल्ला निवासी हरिश्चंद्र रौनियार (28 वर्ष) अपने पिता राजू रौनियार (58 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रतार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और दोनों सड़क पर दूर जा गिरे।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हरिश्चंद्र रौनियार की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वहीं राजू रौनियार ने सिसवा अस्पताल में ही अंतिम सांस ली।घटना की सूचना मिलते ही कोठीभार पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया तथा दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर जाम और तनाव की स्थिति बनी रही।पुलिस ने ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।इस हृदयविदारक घटना से पूरे सिसवा क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। मृतकों के घर पर मातम पसरा हुआ है और परिजन गहरे सदमे में हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सिसवा–घुघुली मार्ग पर तेज रतार भारी वाहनों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए तथा सड़क सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का भव्य समापन, अपर्णा यादव रहीं मुख्य अतिथि

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (अवध प्रांत) द्वारा आयोजित 6वीं 'गुरु गोरखनाथ




स्वास्थ्य सेवा यात्रा' के अंतर्गत आयोजित निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य मेले का भिनगा स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर में भव्य समापन किया गया। समापन समारोह में प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त) श्रीमती अपर्णा यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र, विधायक रामफेरन पाण्डेय, एनएमओ अवध प्रांत के अध्यक्ष डॉ. संदीप, गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के सचिव तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।मुख्य अतिथि श्रीमती अपर्णा यादव ने मेले में उपस्थित चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन एवं गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास का यह प्रयास अब अभियान का रूप ले चुका है और यह आर्थिक, सामाजिक एवं भौगोलिक रूप से वंचित लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित न रहे तथा दूर–दराज के गांवों तक स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत लखनऊ के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों से आए चिकित्सकों ने 7 फरवरी तक भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र के थारू बहुल गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। समापन दिवस पर जूनियर हाईस्कूल भिनगा के खेल मैदान में आयोजित विशाल स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं दवा वितरण किया गया।मेले में मरीजों की बीपी, शुगर, हेपेटाइटिस एवं स्तन कैंसर जांच की गई। साथ ही महिलाओं और बच्चों को स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं माहवारी स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह, परियोजना निदेशक अश्वनी कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# श्रावस्ती में "बहू–बेटी सम्मेलन" आयोजित, 650 महिलाओं को मिला सुरक्षा व सशक्तिकरण का संदेश

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती।महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद श्रावस्ती में मिशन शक्ति फेज.5.0 अभियान के अंतर्गत "बहू–बेटी सम्मेलन" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में संपन्न हुआ।यह सम्मेलन अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुकेश चंद्र उत्तम के पर्यवेक्षण में जनपद के 05 विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 650 बहू–बेटियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा से संबंधित कानूनों, उपलब्ध सहायता संसाधनों एवं सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।सम्मेलन का संचालन जनपद के विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा किया गया। इस दौरान प्रतिभागी महिलाओं को आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने हेतु 1090, 181, 1930, 112, 108, 1098, 102 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के प्रभावी उपयोग के बारे में जागरूक किया गया।महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने महिलाओं को निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने, कानून एवं पुलिस प्रशासन पर विश्वास बनाए रखने तथा सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन के लिए निरंतर जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया।श्रावस्ती पुलिस ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से प्रत्येक बहू–बेटी तक सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण का संदेश पहुँचाने के लिए पुलिस प्रशासन निरंतर प्रतिबद्ध है।

# आरोग्य मेला में पीएचसी खलियारी पर 40 मरीजों को जांच कर दी गई दवा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। नगवां ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलियारी पर रविवार को सीएम आरोग्य मेला में कुल 40मरीजों को दवा वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खलियारी के फार्मासिस्ट अनूप कुमार ने बताया कि मेला में कुल 40 मरीजों को दवा वितरण किया गया है, जिसमें अधिकांश मरीज बुखार, खांशी,सुगर से सम्बंधित मरीजों का इलाज किया गया है।गर्भवती महिलाओं की जांच कर रही एएनएम सरस्वती देवी ने बताया कि हमारे यहां कुल 06 महिलाओं का वजन, बीपी,एच बी, एचआईवी का जांच कर उन्हें आईरन, कैल्शियम ,फोलिक एसिड दवा दी गई। दो महिला का डिलेवरी भी हुआ है।मेला में लैब टैक्नीशियन सोनाली मरीजों को जांच कर रही हैं, उन्होंने बताया कि 10मरीजों का जॉच किया गया जिसमें, हिमोग्लोबिन,मलेरिया,टाईफाइड, शुगर का जॉच किया गया जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं पाया गया है।मेला में सीएचओ सुनीता यादव , फार्मासिस्ट अनूप कुमार मरीजों को दवा वितरण किया गया।

# शिक्षा और संस्कार से बनेगा विकसित भारत: केशव प्रसाद मौर्य

**फाजिलनगर,कुशीनगर** । नगर पंचायत फाजिलनगर के पावा नगर महावीर इण्टर कालेज के प्रांगण में शनिवार को भव्य उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया। उपमुख्यमंत्री बाई रोड दिन के लगभग 3 बजे पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमजन के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 'आजीविका मिशन' योजना के माध्यम से प्रदेश की एक करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के बढ़ते जनाधार से समाजवादी




पार्टी बौखलाई हुई है, जबकि कांग्रेस पूरी तरह दिशाहीन हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने आधा दर्जन लाभार्थियों को सांकेतिक चेक वितरित किए तथा उन्होंने कहा कि मजबूत सड़कें, बेहतर शिक्षा व्यवस्था और सशक्त समाज ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। इस अवसर पर देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि संस्कार और राष्ट्र निर्माण का आधार है। वही पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा पहुंचकर अतिथियों के स्वागत के उपरांत कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह में देवरिया के सांसद शशांक मणि, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, विजय राय, दर्जा प्राप्त मंत्री राजेश्वर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूर्व सांसद गुड्डू पांडेय ने क्षेत्र के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में विधायक सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करना है। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ इस मौके पर क्षेत्र से काफी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी थी।

# पुण्यतिथि पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, पशु शिविर और रामायण आयोजित

**गोरखपुर। ख**जनी तहसील अंतर्गत सिकरीगंज थाना क्षेत्र के तिवारीपुर, बढ़घ्तापर में रविवार को प्रथम पुण्यतिथि पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर, रामायण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर लगभग दो हजार से अधिक बुजुर्ग महिला, पुरुष, बच्चों मेडिकल परीक्षण जांच किया गया और उन्हें दवाइयां वितरण की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजन आलोक कुमार त्रिपाठी प्रबंधक द्वारा चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया गया। इस दौरान आलोक कुमार त्रिपाठी प्रबंधक ने कहा पिता के सिद्धांतों पर चल रहा हूं पिता एक महान पुरुष थे उनकी सभी बातें हरदम मुझे याद आती रहती है पिताजी सत्य तथा धर्म के मार्ग पर चलने का प्रेरणा देते थे वह शिक्षा समाज के जरूरतमंदों के शहर के लिए हमेशा आगे रहते थे आयोजित



स्वास्थ्य में चिकित्सा शिविर उनके छोटे पुत्र डॉ अभिषेक कुमार त्रिपाठी एमबीबीएस ने अपने चिकित्सा टीमों के साथ लगभग दो हजार से अधिक जनता को निशुल्क दवा वितरण मेडिकल परीक्षण, शुगर जांच , ब्लड प्रेशर जांच, आंख की जांच तथा अन्य सभी प्रकार की जांच किया गया। तथा निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर उनके बड़े पुत्र डॉ आशुतोष त्रिपाठी द्वारा अपने टीम के साथ निशुल्क पशु परामर्श तथा निशुल्क दवा वितरण किया गया। प्रबंधक आलोक कुमार त्रिपाठी के द्वारा चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्तित्व करते हुए कहां की उन्हें मेडिकल कैंप लगाकर यहां के लोगों को एक महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त की है।

कार्यक्रम के अंत में सभी बुजुर्ग महिला पुरुष को फल दवा वितरण किए और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, केशव प्रसाद त्रिपाठी दीनानाथ तिवारी कमलेश प्रसाद त्रिपाठी धनंजय मिश्रा , अधिवक्ता संतोष उपाध्याय, अनूप चंद सर्व देवत्रिपाठी, दिव्यम सिंह अनिल मिश्रा, हरकेश चौहान अमरपाल इत्यादि ।

# पुलिस ने 24 घंटे में नाबालिग बालिका को सकुशल किया गया बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में एवं प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा, थाना रॉबर्ट्सगंज, के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के भीतर एक नाबालिग बालिका/पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया।07.02.2026 को लगभग 15 वर्ष की नाबालिग बालिका निवासिनी थाना रॉबर्ट्सगंज अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी, जो वापस नहीं लौटी। बालिका के परिजनों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर तत्काल प्रभाव से मुकदमा पंजी.त कर पीड़िता की तलाश प्रारंभ की गई।पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए पूरी रात लोढ़ी टोल प्लाजा से पंचमुखी मंदिर तक लगभग 80 सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं अन्य तकनीकी माध्यमों का प्रभावी उपयोग कर पीड़िता की लोकेशन से संबंधित जानकारी एकत्र की गई।पुलिस की सतर्कता एवं अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप नाबालिग बालिका/पीड़िता को रविवार को समय लगभग 12.00 बजे बढ़ौली चौराहे के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामदगी के उपरांत बालिका द्वारा बताया गया कि वह मार्ग भटक जाने के कारण पन्नूगंज की ओर चली गई थी। बालिका/पीड़िता को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया है। सुपुर्दगी के पश्चात परिजनों द्वारा पुलिस की भूरी–भूरी प्रशंसा की गई।

# गोरखपुर से दिल्ली तक सामाजिक न्याय का बिगुल: 2027 चुनाव और चार राज्यों के गठन को लेकर पीडीएमएम गठबंधन की हुंकार

**गोरखपुर।** भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के बैनर तले गोरखपुर में सामाजिक न्याय को केंद्र में रखकर एक बड़ी राजनीतिक और सामाजिक पहल देखने को मिली। भारतीय किसान यूनियन (एम), पीडीएमएम गठबंधन एवं विश्व शांति मिशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक न्याय आंदोलन को तेज करने, उत्तर प्रदेश के चार राज्यों के गठन और आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की रणनीति पर व्यापक मंथन किया गया। इस ऐतिहासिक बैठक में विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया और गोरखपुर से दिल्ली तक सामाजिक न्याय यात्रा शुरू करने जैसे अहम मुद्दों पर सहमति बनी।

सिटी मैरिज होम में आयोजित चिंतन बैठक और सम्मेलन के बाद मीडिया सेंटर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए नेताओं ने साफ किया कि देश और प्रदेश की जनता मौजूदा हालात से असंतुष्ट है और अब बदलाव चाहती है। नेताओं का कहना था कि सामाजिक न्याय, समान अधिकार और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए अब निर्णायक संघर्ष का समय आ गया है।

भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं



पीडीएमएम गठबंधन के प्रमुख संजय गुर्जर ने कहा कि देश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली और सामाजिक भेदभाव से त्रस्त है। उन्होंने कहा, "पीडीएमएम गठबंधन मजबूती के साथ जनता की आवाज बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में यह गठबंधन पूरी ताकत से उतरेगा। छोटे राज्यों के गठन की मांग को लेकर सामाजिक न्याय यात्रा के माध्यम से हम गांव–गांव, जिले–जिले जाकर जनता को जागरूक करेंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि संविधान की रक्षा ही देश को बचाने का सबसे मजबूत रास्ता है।

नेशनल लोकमत पार्टी (नेलोपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लताफत अली ने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और वंचित वर्गों को एकजुट कर एक मजबूत सामाजिक और राजनीतिक आधार तैयार किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में पीडीएमएम गठबंधन से और भी कई संगठन एवं राजनीतिक दल जुड़ेंगे। "पूर्वांचल के हर जिले में संगठन को मजबूत किया जाएगा और सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा," उन्होंने कहा।

बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रदेश प्रभारी गौतम राणे सागर ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अगर उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा से मुक्ति चाहती है तो पीडीएमएम गठबंधन को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में सबसे ज्यादा अपमान पिछड़े वर्गों, दलितों और मुसलमानों का हो रहा है, जो लोकतंत्र और संविधान की भावना के खिलाफ है। "यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और इसके खिलाफ एकजुट संघर्ष जरूरी है," उन्होंने जोर दिया। भारतीय किसान यूनियन (एस) महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा परिहार ने कहा कि किसान और मजदूर देश की रीढ़ हैं, लेकिन आज वही सबसे ज्यादा उपेक्षित हैं। उन्होंने कहा, "देश में भेदभाव की राजनीति चल रही है। आज 85 प्रतिशत किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।"

अखिल भारतीय संविदा कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सामाजिक न्याय आंदोलन के तहत उत्तर प्रदेश के करीब 22 लाख संविदा कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर भी एक बड़ी रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अस्थायी कर्मचारियों के अधिकारों के लिए व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा और सभी को एक मंच पर लाया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन (एस) के राष्ट्रीय महासचिव जयेंद्र गुर्जर ने कहा कि संगठन उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में मजबूती के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि सामाजिक न्याय आंदोलन को आने वाले समय में और भी व्यापक रूप दिया जाएगा।

पूर्वांचल के गांधी कहे जाने वाले डॉ. संपूर्णानंद मल्ल ने कहा कि भ्रष्टाचारियों और समाज का शोषण करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर समाज के किसी भी वर्ग के साथ अन्याय होता है तो उसकी लड़ाई पूरी ताकत से लड़ी जाएगी। "गोरखपुर से सामाजिक न्याय आंदोलन का बिगुल बज चुका है," उन्होंने कहा। विश्व शांति मिशन के अध्यक्ष एवं भारतीय किसान यूनियन (एस) के नेता अरुण कुमार श्रीवास्तव ने गोरखपुर आगमन पर सभी संगठनों और नेताओं का स्वागत किया। उन्होंने ऐलान किया कि आंदोलन को मजबूत करने के लिए पूर्वांचल के हर जिले का दौरा किया जाएगा। साथ ही उन्होंने गोरखपुर से दिल्ली तक प्रस्तावित पदयात्रा में पूरे उत्तर प्रदेश की जनता से शामिल होने का आह्वान किया। इस सम्मेलन और बैठक के दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। नेताओं के भाषणों के बाद यह साफ संदेश गया कि सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और राजनीतिक बदलाव को लेकर पीडीएमएम गठबंधन एक बड़े जन आंदोलन की दिशा में कदम बढ़ा चुका है।

# फाइनल मुकाबला में महाकाल बिल्ली ने और चिल्का डाड को हराया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।म्योरपुर ब्लॉक के लीलासी कला स्थित राजा चंदौल




इंटर मीडियट कॉलेज परिसर में आयोजित दो दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता रविवार को ग्रामीण क्षेत्र महाकाल बिल्ली और चिल्काडाड के बीच तीन सीटों में 15 ..15 अंकों का खेला गया जिसमे पहले सेट महाकाल बिल्ली ने 15/12 चिल्काडाड को हराया।दूसरे सेट में चिल्का डाड ने वापसी की और विपक्षी को15/11 से हटाया,लेकिन अंतिम और तीसरे सेट में महाकाल ने चिल्का डाड को 15/12 से हरा कर ग्रामीण क्षेत्र का फाइनल मुकाबला जीत ली।इसके पूर्व चिल्लका डांड ने मजबूत टीम मूर्ता को हराया जबकि महा काल ने सोन प्रभात न्यूज टीम को हरा कर फाइनल में पहुंची थी। जबकि शहरी टीमों का मुकाबला देर शाम तक जारी था। दक्षिणांचल की सबसे बड़ी वालीबाल प्रतियोगिता को देखने के लिए राजा राम यादव,शिव शंकर गुप्ता, राजेंद्र खरवार, सुरेश कुमार, बरफी लाल, प्रदीप, नरेश जायसवाल, डा लखन राम जंगली,आशीष गुप्ता, जयंत गुप्ता,सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे ।कमेंट्री कमलेश कुमार और रेफरी की भूमिका इंजीनियर प्रवीण ने निभाई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक :- श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं मकान नं. 203 निकट बी.एस.एन.एल. टावर खलवा मोहल्ला, नगर पालिका परिषद बलरामपुर, जनपद- बलरामपुर, उ0प्र0-271201 से प्रकाशित । आर.एन.आई. नं0- UPHIN/2021/86502 । सम्पादक- राजेश कुमार शर्मा

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# धुरंधर 2 ने रिलीज से पहले ही बनाया बड़ा रिकॉर्ड, डॉयरेक्टर आदित्य धर ने लॉक की तगड़ी डील, कमा लिए 245 करोड़



आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर खूब बवाल काटा और कमाई के मामले में एक नया इतिहास रच दिया है। रणवीर सिंह स्टारर स्पाई थ्रिलर बॉलीवुड की सबसे बड़ी फिल्म बन चुकी है। धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर 1300 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है और अब ओटीटी पर छाई है। ओटीटी पर भी फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। अब रणवीर सिंह धुरंधर 2 से नया बवाल काटने को तैयार हैं। पिछले ही दिनों मेकर्स ने फिल्म का टीजर जारी किया था और अब रिलीज से पहले ही धुरंधर 2 या धुरंधररू द रिवेंज ने एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। जी हैं, फिल्म के निर्देशक आदित्य धर ने हाल ही में एक बड़ी डील लॉक की है। धुरंधररू द रिवेंज 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और इससे पहले ही इस फिल्म ने 245 करोड़ की कमाई कर ली है। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य धर की फिल्म के सीक्वल यानी धुरंधर 2 ने अपने नॉन–थिएट्रिकल राइट्स से 245 करोड़ कमा लिए हैं और इसी के साथ ये हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी डील्स में से एक बन गई है। बताया जा रहा है कि जियो हॉटस्टार ने धुरंधर 2 के डिजिटल स्ट्रीमिंग राइट्स 150 करोड़ में खरीद लिए हैं। वहीं फिल्म के सैटेलाइट राइट्स (सभी भाषाओं में) स्टार नेटवर्क ने खरीदे हैं और वो भी 50 करोड़ में। वहीं फिल्म के म्यूजिकल राइट्स की बात करें तो आदित्य धर ने ये डील टी–सीरीज के साथ पक्की की है और ये डील 45 करोड़ में डन हुई है। यानी, फिल्म ने रिलीज से पहले ही 245 करोड़ की कमाई कर ली है। पिछले कुछ सालों में सैटेलाइट रेवेन्यू में कमी आई है, लेकिन धुरंधर को मिले रिस्पॉन्स से जगी उम्मीदों के चलते स्टार नेटवर्क ने बड़ी रकम में इसके सैटेलाइट राइट्स खरीद लिए हैं और इसी के साथ धुरंधर 2 इस समय की सबसे ज्यादा नॉन–थिएट्रिकल वैल्यूएशन डील वाली फिल्म बन गई है। धुरंधर 2 की रिलीज की बात करें तो मेकर्स ने पहली फिल्म की रिलीज के साथ ही दूसरे भाग की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी थी। वहीं हाल ही में जारी किए गए टीजर के साथ भी मेकर्स ने साफ कर दिया था कि धुरंधर 2 अपनी निर्धारित डेट यानी 19 मार्च 2026 को ही रिलीज होगी। दरअसल, इसी दिन कन्नड़ सुपरस्टार यश की टॉक्सिक भी सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है, ऐसे में इंडस्ट्री के लोगों को उम्मीदें थीं कि फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन की जा सकती है, लेकिन आदित्य धर ने साफ कर दिया है कि धुरंधर 2 अपनी निर्धारित डेट पर ही रिलीज होगी।

## सात साल बाद अभिनय की दुनिया में रिया चक्रवर्ती की वापसी, वीडियो शेयर कर जाहिर की खुशी

अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती जल्द ही वेब सीरीज फैमिली बिजनेस के जरिए अभिनय की दुनिया में वापसी करने वाली हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी खुशी और भावनाओं को जाहिर



किया। इस वीडियो में रिया काफी भावुक नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि सेट पर जाने के लिए उन्हें 7 साल हो गए हैं, लेकिन उनके अंदर का जुनून आज भी वैसा ही है।

रिया ने वीडियो पोस्ट कर लिखा, सेट पर गए हुए मुझे 7 साल हो गए हैं, लेकिन मैं आज भी वही लड़की हूं, जो 17 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लेकर मुंबई आई थी। मेरे अंदर का एक हिस्सा आगे बढ़ गया, लेकिन एक हिस्सा वहीं रुककर इंतजार करता रहा और अब मैं फिर से यहां हूंकृअपनी जिंदगी के चौप्टर 2 में।

रिया ने आगे कहा, सच ही कहा गया है कि जिंदगी वही होती है जो तब घटती है जब हम कुछ और योजनाएं बना रहे होते हैं।रिया के फैंस उनकी इस वापसी से काफी खुश नजर आ रहे हैं। वे कमेंट सेक्शन पर तरह–तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। रिया ने कम उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी। शुरुआत में अभिनेत्री ने कई फिल्मों और टीवी शोज में काम किया है।

उन्होंने 2009 में एमटीवी के रियलिटी शो टीन दीवा से की थी, जिसके बाद वह एक लोकप्रिय वीजे बनीं। उन्होंने 2012 में तेलुगु फिल्म तुनीगा तुनीगा से एक्टिंग की शुरुआत की और 2013 में मेरे डैड की मारुति से बॉलीवुड में कदम रखा। अब वे नेटफ्लिक्स की सीरीज फैमिली बिजनेस से 7 साल के ब्रेक के बाद वापसी कर रही हैं।

यह सीरीज सत्ता, खून के रिश्तों और विश्वासघात के इर्द–गिर्द घूमती एक हाई–वोल्टेज कॉर्पोरेट ड्रामा है। ऐसा पहली बार अनिल कपूर और विजय वर्मा स्क्रीन में साथ में नजर आएंगे। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित सीरीज में रिया के अलावा, अनिल, विजय, आकाश खुराना, रिया चक्रवर्ती, नेहा धूपिया, अनंत नाग, कंवलजीत सिंह, ध्रुव सहगल, नंदिश संधू, टीना देसाई, और रायमा सेन समेत कई दमदार कलाकार नजर आएंगे।

## चिरंजीवी की मन शंकर वरप्रसाद गरु ओटीटी पर मचाएगी तहलका, रिलीज तारीख जारी

दिग्गज अभिनेता चिरंजीवी की एक्शन–कॉमेडी फिल्म मन शंकर वरप्रसाद गरु संक्रांति के मौके पर 23 जनवरी, 2026 को




सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। जिन लोगों ने उस वक्त फिल्म का लुत्फ नहीं उठाया था, उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखने का मौका मिलेगा। निर्माताओं ने फिल्म की ओटीटी रिलीज तारीख जारी कर दी है। एक खुशखबरी यह भी है कि फिल्म को तेलुगु के अलावा हिंदी भाषा में रिलीज किया जाएगा जिससे हिंदी पट्टी के दर्शक भी इसे देख सकेंगे।

चिरंजीवी की फिल्म मन शंकर वरप्रसाद गरु जी5 पर दस्तक देगी। इस अपडेट को साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन दिया, 11 फरवरी को आ रही है! अब तक की सबसे बड़ी घोषणा। मेगा विक्टोरियस ब्लॉकबस्टर फिल्म 11 फरवरी को सिर्फ जी5 पर दिखेगी। फिल्म में नयनतारा, कैथरीन ट्रेसा, जरीना वहाब, हर्ष वध र्न और अभिनव गोमातम समेत कई सितारे शामिल हैं, जबकि वेंकटेश दग्गुबाती ने कैमियो किया है। इसने 25 दिनों में दुनियाभर में करीब 375 करोड़ रुपये कमाए थे।

यह फैमिली एंटरटेनर इमोशन, ह्यूमर और रिश्तों पर आधारित है, साथ ही इसमें जबरदस्त ड्रामा भी है. एक्शन, कॉमेडी, इमोशन और फैमिली ड्रामा का ब्लेंड, यह फिल्म एक नेशनल सिक्योरिटी ऑफिसर (चिरंजीवी) की कहानी है जो अपने अलग हो चुके परिवार की रक्षा करता है और इस दौरान प्यार, जिम्मेदारी और पछतावे को फिर से पाता है. चिरंजीवी की शानदार स्क्रीन प्रेजेंस और नयनतारा की जबरदस्त पॉपुलैरिटी के कारण, फिल्म को दर्शकों ने खूब प्यार दिया है.

## बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है बॉर्डर 2, 15वें दिन भी कमा डाले करोड़ों, तोड़ने वाली है इस ब्लॉकबस्टर फिल्म का रिकॉर्ड




अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म बॉर्डर 2 इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक थी. 23 जनवरी को रिलीज होने के बाद इस फिल्म ने शानदार ओपनिंग की. इसके बाद इसने पहले हफ्ते में धुआंधार कमाई की लेकिन दूसरे हफ्ते में इसके कलेक्शन में काफी गिरावट देखी गई बावजूद इसके बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए रखा. चलिए यहां जान लेते हैं सनी देओल स्टारर फिल्म ने रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे शुक्रवार को कितनी कमाई की है?

बॉलीवुड के पॉपुलर एक्शन स्टार सनी देओल ने श्गदर 2य की जबरदस्त सक्सेस के बाद साल 2026 में बॉर्डर 2 के साथ धमाकेदार कमबैक किया. महज दो हफ्तों में ये वॉर बेस्ड फिल्म साल 2026 की सबसे बड़ी फिल्म बन चुकी है. 30 करोड़ की शुरुआत के साथ बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर खूब रौनक लगाई और इसने पहले हफ्ते में ही 220 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर डाली थी. वहीं दूसरे हफ्ते में इसकी कमाई में 68. 72 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली और इसने 70.15 करोड़ अपने कुल कलेक्शन में और जोड़े. वहीं रिलीज के तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी बॉर्डर 2 की कमाई में तीसरे फ्राइडे यानी 15वें दिन काफी गिरावट दर्ज की जा रही है और इसने अब तक का सबसे कम कलेक्शन भी किया है.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक बॉर्डर 2 ने रिलीज के 15वें दिन यान तीसरे फ्राइडे को 2.85 करोड़ की कमाई की है.

इसी के साथ सैकनिल्क के मुताबिक बॉर्डर 2 की 15 दिनों की कुल कमाई अब 297.25 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं मेकर्स के मुताबिक बॉर्डर 2 ने रिलीज के 14 दिनो में भारत में 323.89 करोड़ का कलेक्शन किया है. वहीं 15वें दिन के 2.85 करोड़ (सैकनिल्क के आंकड़े) तमाने के बाद बॉर्डर 2 की कुल कमाई 325 करोड़ के पार हो गई है. इसी के साथ बॉर्डर 2 ब्लॉकबस्टर सैयारा के लाइफटाइम कलेक्शन को तोड़ने के काफी करीब बै. यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह फिल्म तीसरे वीकेंड में अहान पांडे और अनित पड्डा स्टारर फिल्म के लाइफटाइम कलेक्शन को पार कर पाएगी या नहीं. बता दे ंकि सैयारा का लाइफटाइम कलेक्शन 337.78 करोड़ रुपये था.

बॉर्डर 2 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध पर बेस्ड है. अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और आन्या सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं. इसका निर्माण जे.पी. फिल्म्स और टी–सीरीज ने किया है. वहीं रानी मुखर्जी की मर्दानी 3 ने बॉक्स ऑफिस पर आठ दिन पूरे कर लिए हैं. इस फिल्म ने पहले दिन 4 करोड़ रुपये से शुरुआत की थी, इसके बाद शनिवार को 6.25 करोड़ रुपये और रविवार को 7.25 करोड़ रुपये कमाए. हफ्ते के दिनों में कलेक्शन में गिरावट आई, सोमवार को 2.25 करोड़ रुपये, मंगलवार को 2.6 करोड़ रुपये, बुधवार को 2.1 करोड़ रुपये और गुरुवार को 1.85 करोड़ रुपये. फिल्म ने अपने दूसरे शुक्रवार को 1.75 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका भारत नेट कलेक्शन 28. 08 करोड़ रुपये हो गया है.

# अच्छी तस्वीरें खींचना चाहते हैं तो इन 5 बातों का रखें खास ध्यान



अच्छी तस्वीरें खींचना एक कला है। इसके लिए सिर्फ महंगे कैमरा या मोबाइल फोन का होना जरूरी नहीं है, बल्कि सही तरीके और नजरिया भी अहम होते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी सुझाव देंगे, जिनसे आप अपनी तस्वीरों को और भी बेहतर बना सकते हैं। सही रोशनी, फ्रेमिंग, और कैमरा सेटिंग्स के साथ–साथ अभ्यास भी जरूरी है। इन सुझावों को अपनाकर आप अपनी फोटोग्राफी कौशल को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकते हैं।

प्राकृतिक रोशनी का करें उपयोगः अधिकतर फोटोग्राफर मानते हैं कि प्राकृतिक रोशनी सबसे अच्छी होती है। सुबह और शाम की धूप में तस्वीरें खींचना सबसे अच्छा होता है क्योंकि इससे तस्वीरों में एक खास निखार आता है। दिन के समय की तेज रोशनी से बचें और कोशिश करें कि आपकी तस्वीरें प्राकृतिक वातावरण में ही खींची जाएं। इससे आपकी तस्वीरों में एक अलग ही चमक आएगी और वे और भी सुंदर दिखेंगी।

सही फ्रेमिंग का ध्यान रखें

तस्वीरों की फ्रेमिंग बहुत अहम होती है। हमेशा ध्यान रखें कि आपका विषय बीच में हो और उसके चारों ओर पर्याप्त जगह हो। इसके अलावा बैकग्राउंड को भी साफ और अनावश्यक वस्तुओं से मुक्त रखें ताकि ध्यान सिर्फ आपके विषय पर ही जाए। अगर आप किसी व्यक्ति की फोटो ले रहे हैं तो उसके आस–पास की चीजें कम से कम हों। इससे आपकी तस्वीरें ज्यादा आकर्षक और पेशेवर दिखेंगी।

कैमरा सेटिंग्स को समझें

अगर आप अपने कैमरे या मोबाइल फोन की सेटिंग्स को अच्छी तरह से समझते हैं तो आप बेहतरीन तस्वीरें ले सकते हैं। आईएसओ, शटर स्पीड, और अपर्चर जैसे शब्द आपको भले ही कठिन लगें, लेकिन इनका सही उपयोग आपकी फोटोग्राफी को नया मोड़ दे सकता है। कोशिश करें कि आप मैनुअल मोड में फोटो खींचें ताकि आपको हर सेटिंग का पूरा ज्ञान हो सके। इससे आप अपनी तस्वीरों को और भी बेहतर बना सकते हैं।

तस्वीरें लेते समय हमेशा अपने विषय पर ध्यान केंद्रित करें। चाहे वह कोई व्यक्ति हो, प्रकृति की सुंदरता हो या कोई वस्तु हो, उसे पूरी तरह से कैद करने की कोशिश करें। अगर आप किसी व्यक्ति की फोटो ले रहे हों तो उसके भाव पर ध्यान दें और प्रकृति की तस्वीरें लेते समय उसके रंगों और आकृतियों पर ध्यान दें। इससे आपकी तस्वीरें और भी आकर्षक और पेशेवर दिखेंगी।

नियमित अभ्यास करें

फोटोग्राफी एक ऐसी कला है, जिसमें नियमित अभ्यास बहुत जरूरी होता है। जितना ज्यादा आप फोटो खींचेंगे, उतना ही बेहतर आप बनेंगे। अलग–अलग परिस्थितियों में फोटो खींचने की कोशिश करें ताकि आपको हर स्थिति का अनुभव हो सके और आप हर परिस्थिति में अच्छा काम कर सकें। इन सरल लेकिन प्रभावी सुझावों को अपनाकर आप अपनी फोटोग्राफी कौशल को एक नई ऊंचाई पर ले जा सकते हैं और अपनी तस्वीरों में नया जीवन ला सकते हैं।